हरिभूमि
महेन्द्रगढ़-नारनौल भूमि
रोहतक, बुधवार 7 अक्टूबर 2026

11 सिहमा को ब्लॉक बनाने की मांग हमने उठाई, कांग्रेस



12 सरकार के दावों को दिखाया ठेंगा, मंडी में...



बाजरा बेचने से पहले खेत का सत्यापन जरूरी, 1.40 लाख एकड़ से अधिक रकबे का सत्यापन पूरा, अब महज 3983 एकड़ क्षेत्र बाकी

बाजरा फसल वेरिफिकेशन में हरियाणा में तीसरे स्थान पर जिला, 97.24 फीसदी रकबे का भौतिक सत्यापन

नितेश कुमार ▶▶| नारनौल

मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल पर दर्ज बाजरा फसल के रकबे के भौतिक सत्यापन का कार्य जिले में तेजी से चल रहा है। पटवारियों की ओर से खेतों में पहुंचकर यह देखा जा रहा है कि किसान ने पोर्टल पर बाजरा बिजाई का जितना रकबा दर्ज किया है, वास्तव में खेत में भी उतने ही क्षेत्र में बाजरा बोया गया है या नहीं। इसी सत्यापन के आधार पर बाजरा खरीद प्रक्रिया में किसान के दर्ज रकबे की वास्तविक स्थिति सामने आएगी। मंगलवार सायं पांच बजे तक जारी नई फसल वेरिफिकेशन रिपोर्ट के अनुसार महेंद्रगढ़ जिला 97.24 प्रतिशत सत्यापन के साथ प्रदेश में तीसरे स्थान पर पहुंच गया है। जिले में कुल 1,44,060.323 एकड़ क्षेत्र का सत्यापन किया जाना है, जिसमें से 1,40,077.405 एकड़ क्षेत्र का सत्यापन पूरा हो चुका है। अब केवल 3,982.918 एकड़ क्षेत्र का सत्यापन लंबित है। फसल सत्यापन के दौरान पटवारी मौके पर खेत में पहुंचकर वास्तविक स्थिति दर्ज कर रहे हैं। इसका उद्देश्य पोर्टल पर किसान की ओर से दर्ज बाजरा क्षेत्र और खेत में वास्तविक बाजरा बिजाई के रकबे का मिलान करना है। सत्यापन के बाद पोर्टल पर वास्तविक रूप से बाजरा बोए गए क्षेत्र का विवरण दर्ज किया जाएगा। ऐसे में किसानों के लिए मेरी फसल मेरा ब्यौरा में दर्ज जानकारी और मौके पर पाई गई फसल का सही होना महत्वपूर्ण है।

अलग खबर

प्रदेश में 88.66 फीसदी रकबे का सत्यापन

रिपोर्ट के अनुसार प्रदेश में कुल 23,31,540.839 एकड़ क्षेत्र में सत्यापन किया जाना है। इसमें से 20,67,184.467 एकड़ क्षेत्र का सत्यापन पूरा हो चुका है, जबकि 2,64,356.372 एकड़ क्षेत्र अभी लंबित है। प्रदेश में कुल सत्यापन प्रतिशत अब 88.66 फीसदी हो गया है। प्रदेश स्तर पर कुरुक्षेत्र 99.53 प्रतिशत सत्यापन के साथ पहले स्थान पर है। करनाल 98.57 प्रतिशत के साथ दूसरे और महेंद्रगढ़ 97.24 प्रतिशत के साथ तीसरे स्थान पर है।

सतनाली में सबसे ज्यादा सत्यापन

सतनाली तहसील ने सत्यापन का काम 100 प्रतिशत पूरा कर लिया है। यहां 14,827.372 एकड़ क्षेत्र का पूरा सत्यापन हो चुका है। नांगल चौधरी में 90.47 प्रतिशत, कनीना में 97.91 प्रतिशत, महेंद्रगढ़ तहसील में 98.77 प्रतिशत, नारनौल में 99.44 प्रतिशत और अटेली में 97.35 प्रतिशत सत्यापन पूरा हो चुका है। जिले में सबसे अधिक सत्यापन प्रतिशत नारनौल तहसील का है, जबकि सतनाली शत-प्रतिशत सत्यापन के साथ आगे है।

प्रदेश में फसल सत्यापन की स्थिति (रिपोर्ट 6 अक्टूबर को शाम पांच बजे जनरेट की गई)

जिला	कुल क्षेत्रफल (एकड़)	सत्यापित क्षेत्र (एकड़)	लंबित क्षेत्र (एकड़)	सत्यापन (प्रतिशत)
अंबाला	64,574.399	61,939.508	2,634.891	95.92
भिवानी	3,04,744.492	2,69,235.214	35,509.278	88.35
चरखी दादरी	1,39,299.276	1,25,990.588	13,308.688	90.45
फरीदाबाद	19,412.913	18,597.621	815.292	95.80
फतेहाबाद	1,17,613.510	95,834.654	21,778.856	81.48
गुरुग्राम	49,221.642	45,793.765	3,427.877	93.04
हांसी	66,147.451	62,373.478	3,773.973	94.29
हिसार	1,59,223.037	1,54,181.441	5,041.596	96.83
झज्जर	1,00,393.195	93,442.343	6,950.852	93.08
जींद	1,04,486.824	89,799.209	14,687.615	85.94
कैथल	38,689.413	37,268.806	1,420.607	96.33
करनाल	64,019.410	63,106.739	912.671	98.57
कुरुक्षेत्र	59,731.307	59,448.531	282.776	99.53
महेंद्रगढ़	1,44,060.323	1,40,077.405	3,982.918	97.24
मेवात	88,247.356	84,149.300	4,098.056	95.36
पलवल	79,860.615	75,357.114	4,503.501	94.36
पंचकूला	26,310.051	20,048.148	6,261.903	76.20
पानीपत	47,589.527	42,762.926	4,826.601	89.86
रेवाड़ी	76,594.273	71,117.040	5,477.233	92.85
रोहतक	73,609.681	68,899.744	4,709.937	93.60
सिरसा	3,20,062.784	2,13,096.866	1,06,965.918	66.58
सोनीपत	68,688.300	61,727.364	6,960.936	89.87
यमुनानगर	1,18,961.060	1,12,936.663	6,024.397	94.94
कुल	23,31,540.839	20,67,184.467	2,64,356.372	88.66

खबर संक्षेप

तिगरा में बाजरे का कट्टा गिरने से मजदूर की मौत

मंडी अटेली। गांव तिगरा में मजदूरी करते समय बाजरे का कट्टा गिरने से करीब 37 वर्षीय दिनेश कुमार की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार तिगरा निवासी दिनेश कुमार गांव में मजदूरी कर रहा था। वह बाजरे के कट्टे घर के अंदर रख रहा था। इसी दौरान एक कट्टा उसके शरीर पर गिर गया, जिससे उसकी रीढ़ की हड्डी में गंभीर चोट लग गई। हादसे के बाद दिनेश कुमार को घायल अवस्था में उपचार के लिए नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया।

नियमों के अनुसार खरीद के लिखित आदेश जारी

नारनौल। बाजरा खरीद प्रक्रिया में मार्केट कमेटी नारनौल ने आढ़तियों को किसानों की बाजरे की ढेरी बनवाकर खुली बोली कराने के निर्देश दिए हैं। मार्केट कमेटी के सचिव नुकुल यादव ने आढ़तियों को जारी रिमाइंडर में कहा है कि बिना ढेरी लगवाए सीधे कट्टों में बाजरा भरकर खरीद प्रक्रिया नहीं की जाए। निर्देशों में कहा गया है कि 'मेरी फसल-मेरा ब्यौरा' पोर्टल पर पंजीकृत किसानों के बाजरे की खरीद भावांतर भरपाई योजना के तहत की जा रही है। किसानों के जे-फॉर्म सत्यापन के लिए उनकी फसल की ढेरी मार्केट कमेटी कर्मचारी की मौजूदगी में लगाकर खुली बोली करवाना जरूरी है।

चौकीदार के रिक्त पदों के लिए आवेदन आमंत्रित

नारनौल। जिले के गांव सिहमा, बामनवास खेता व नांगल हरनाथ के चौकीदारों के रिक्त पदों के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। संबंधित गांव के इच्छुक एवं योग्य उम्मीदवार संबंधित तहसील कार्यालय में रिक्त पदों पर पांच नवंबर तक आवेदन कर सकते हैं। इसके बाद आने वाले आवेदनों पर कोई विचार नहीं किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए उपायुक्त अनुपमा अंजली ने बताया कि नारनौल तहसील के गांव सीहमा, नांगल चौधरी के गांव बामनवास खेता व महेंद्रगढ़ तहसील के गांव नांगल हरनाथ के चौकीदार के रिक्त पदों के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं।

एक दिन बाद लगेगा रैक, खाद की कमी के कारण किसानों को हो रही परेशानी

सरसों की बिजाई शुरू, कल शाम तक डीएपी खाद मिलने की उम्मीद

सोसायटी कार्यालय में रोज पहुंच रहे किसान, एक ही सवाल खाद कब आएगा?

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

रबी सीजन के तहत सरसों की बिजाई का समय शुरू हो चुका है, लेकिन किसानों को खेतों में डालने के लिए जरूरी डीएपी खाद नहीं मिल पा रहा है। खाद की आस में किसान रोजाना अनाज मंडी स्थित दी मार्केटिंग कोआप्रेटिव सोसायटी कार्यालय के चक्कर काट रहे हैं। यहां पहुंचने वाले लगभग हर किसान का एक ही सवाल है कि डीएपी खाद कब आएगा? पहले बुधवार तक खाद आने की संभावना जताई गई थी, लेकिन अब रैक एक दिन बाद लगने की सूचना है। कृषि विभाग के क्यूसीआई डॉ. संजय यादव के अनुसार, अब गुरुवार शाम तक डीएपी खाद मिलने की संभावना है। बता दें कि सरसों की बिजाई का सीजन एक अक्टूबर से शुरू हो चुका है। ऐसे में किसान समय पर खेत तैयार कर बिजाई करने के लिए डीएपी खाद की व्यवस्था में जुटे हैं। मगर खाद उपलब्ध नहीं होने से किसानों की चिंता बढ़ती जा रही है। किसान कभी सोसायटी कार्यालय पहुंच रहे हैं तो कभी फोन के माध्यम से खाद आने की जानकारी लेने का प्रयास कर रहे हैं। रोजाना बड़ी संख्या में किसान इसी उम्मीद में कार्यालय पहुंचते हैं कि शायद खाद आ गई हो। जिले में इसी सोसायटी कार्यालय पर सबसे ज्यादा खाद की बिक्री होती रही है, लेकिन पिछले डेढ़ महीने में केवल 30 सितंबर को 500 बैग सरदारजी डीएपी खाद वितरित किया गया है।



नारनौल। अनाज मंडी के सोसायटी कार्यालय पर चस्पाया गया नोटिस।

30 सितंबर को 500 बैग सरदार जी डीएपी किया था वितरित

किसानों में बढ़ रही बेचैनी

अनाज मंडी स्थित सोसायटी कार्यालय में किसानों की बेचैनी साफ दिखाई दे रही है। करीब हर पांच मिनट में एक-दो किसान खाद की जानकारी लेने पहुंच जाते हैं। कर्मचारी से डीएपी के बारे में पूछने पर उन्हें बताया जाता है कि गुरुवार शाम तक खाद आने की जानकारी कर लेना। किसानों को कार्यालय का लैंडलाइन नंबर 01282-250238 भी दिया जा रहा है, ताकि वे घर बैठे फोन पर खाद की उपलब्धता के बारे में जानकारी ले सकें। कार्यालय के गेट पर खाद से संबंधित दो नोटिस भी चस्पा किए गए हैं, लेकिन इसके बावजूद किसान कार्यालय कर्मचारी से स्थिति जानना जरूरी समझ रहे हैं। खाद नहीं मिलने की जानकारी के बाद उन्हें मायूस होकर लौटना पड़ रहा है। बीते रोज किसानों के डीसी कार्यालय पहुंचने के बाद कृषि विभाग की उप निदेशिका नेहा, कृषि अधिकारी डॉ. हरपाल यादव और क्यूसीआई डॉ. संजय यादव ने अनाज मंडी स्थित सोसायटी कार्यालय का दौरा किया था। अधिकारियों ने वहां खाद की उपलब्धता और स्थिति की जानकारी ली। तब उन्होंने मौजूद कर्मचारी को किसानों के साथ शालीन व्यवहार करने की नसीहत देते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए थे। कृषि अधिकारियों ने सोसायटी के मैनेजर सुनील चौधरी से फोन पर बातचीत कर उन्हें भी जरूरी निर्देश दिए थे।

अब निगाह गुरुवार पर टिकी

उस समय अधिकारियों को बुधवार तक डीएपी खाद आने की उम्मीद थी, लेकिन अब रैक एक दिन बाद लगने की सूचना मिली है। इसके बाद कार्यालय पर गुरुवार शाम तक खाद मिलने की संभावना संबंधी नोटिस भी चस्पा कर दिया गया है। अब किसानों की निगाह गुरुवार शाम पर टिकी है। सरसों की बिजाई का समय निकलने से पहले खाद मिलने की उम्मीद में किसान लगातार सोसायटी कार्यालय के चक्कर काट रहे हैं।

यातायात नियमों की अनदेखी करने वालों पर पुलिस सख्त



नारनौल। चालान करती यातायात पुलिस। फोटो: हरिभूमि

- सितंबर में 7865 चालान, 276 वाहन इंपाउंड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

पुलिस ने सितंबर में कुल 7865 चालान किए। इनकी कुल चालान राशि करीब एक करोड़ 21 लाख रुपये रही। इस दौरान नियमों के उल्लंघन पर 276 वाहनों को इंपाउंड किया गया। सितंबर माह में बिना हेलमेट वाहन चलाने वालों के सर्वाधिक 2,887 चालान किए गए। निर्धारित गति सीमा से अधिक रफ्तार में वाहन चलाने पर 932 चालान, गलत स्थान पर वाहन खड़ा करने पर 627 चालान और बिना सीट बेल्ट वाहन चलाने पर 117 चालान किए गए। इसके अतिरिक्त, बिना नंबर प्लेट तथा निर्धारित प्रारूप के अनुरूप नंबर प्लेट नहीं होने पर कुल 681 चालान किए गए। अन्य यातायात नियमों के उल्लंघन पर भी नियमानुसार कार्रवाई की गई।

नियमों का पालन करें

एसपी दीपक कुमार ने आमजन से कहा है कि यातायात नियमों का पालन केवल चालान से बचने के लिए नहीं, बल्कि अपने और दूसरों के जीवन की सुरक्षा के लिए करें। दोपहिया वाहन पर व्यक्ति हेलमेट पहनें, कार में सीट बेल्ट लगाएं, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का इस्तेमाल न करें और नशे की हालत में वाहन न चलाएं। अभिभावक नाबालिग बच्चों को वाहन चलाने के लिए न दें। पुलिस यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई जारी रखेगी। बिना हेलमेट वाहन चलाने, तेज रफ्तार, गलत पार्किंग तथा अन्य नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी। नागरिकों से कहा है कि जिम्मेदारी के साथ वाहन चलाएं, यातायात संकेतों का पालन करें।

खाली पदों को ब्लॉक करने का विरोध आज से क्रमिक अनशन की चेतावनी

- कर्मचारियों ने काले बिल्ले लगाकर किया विरोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

स्वास्थ्य विभाग की तबादला नीति के खिलाफ मल्टीपर्पज हेल्थ इम्प्लाइज एसोसिएशन एमपीएचडब्ल्यू एसोसिएशन से जुड़े स्वास्थ्य कर्मचारियों ने मंगलवार को प्रदेशभर में काले बिल्ले लगाकर विरोध किया। यह विरोध आदर्श ऑनलाइन तबादला नीति के तहत खाली पदों को ब्लॉक किए जाने को लेकर है। एसोसिएशन के राज्य वरिष्ठ उपाध्यक्ष मुकेश चौहान के मुताबिक, जिले में एमपीएचडब्ल्यू के कुल 150 पद हैं। इनमें से सिर्फ 49 पद ट्रांसफर के लिए खोले गए हैं, जबकि 69 पदों को ब्लॉक कर दिया गया है। चौहान ने बताया कि रिक्त पदों को ब्लॉक करने से नई भर्तियों के मौके खत्म होंगे।



महेंद्रगढ़। काले बिल्ले लगाकर विरोध करते हुए।

एसोसिएशन की मांग है कि ब्लॉक किए गए सभी रिक्त पदों को तुरंत खोला जाए और अन्य खाली पदों पर जल्दी भर्ती की जाए। मुकेश चौहान ने बताया कि यह सांकेतिक विरोध था। मांगें न मानने पर 7 अक्टूबर से प्रदेश के सभी जिलों के कर्मचारी पंचकूला में महानिदेशक, स्वास्थ्य सेवाएं कार्यालय पर क्रमिक अनशन शुरू करेंगे।

पुलिस ने हेरोइन सहित आरोपित किया काबू

महेंद्रगढ़। सिटी थाना पुलिस ने हेरोइन चिट्टा सहित एक आरोपित को काबू किया है। आरोपित की पहचान जितेन्द्र निवासी रसूलपुर कनीना के रूप में हुई है। बरामद नशीले पदार्थ का पॉलीथीन सहित कुल वजन 11.70 ग्राम पाया गया। डीएसपी डॉ. कविता ने बताया कि पांच अक्टूबर को पुलिस की टीम को सूचना मिली कि जितेन्द्र बूस्टिंग स्टेशन नंबर नौ के पास खड़ा है और उसके पास नशीला पदार्थ है। । पुलिस को देखकर वह तेज कदमों से चलने लगा। मौके पर पहुंचे ड्यूटी मजिस्ट्रेट को पुलिस टीम ने अब तक की कार्रवाई से अवगत कराया और संबंधित दस्तावेज प्रस्तुत किए।

धनौंदा रोड पर पाइपलाइन दबाने के बाद पैचवर्क उखड़ा, घटिया सामग्री के आरोप

- बिखरी रोडियों और धूल से राहगीरों के फिसलने का डर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडी अटेली

धनौंदा रोड पर जनस्वास्थ्य विभाग द्वारा पाइपलाइन दबाने के बाद सड़क पर किए गए पैचवर्क की गुणवत्ता को लेकर स्थानीय लोगों में रोष है। लोगों का आरोप है कि सड़क की मरम्मत में घटिया सामग्री का इस्तेमाल किए जाने के कारण कुछ समय बाद ही पैचवर्क उखड़ने लगा और सड़क पर रोड़ियां एवं धूल बिखर गई। अटेली वार्ड नंबर तीन से पार्षद प्रतिनिधि बीरेंद्र, सुनील, महेश, विजय गुप्ता, वेदप्रकाश गिरदावर, संतरा, पुष्पा, देवदत्त के अनुसार सड़क पर बिखरी रोड़ियों और धूल के कारण दोपहिया वाहन चालकों के फिसलने तथा हादसे का खतरा बना हुआ है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि समस्या को लेकर जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को भी अवगत कराया गया है। इसके अलावा अटेली नगरपालिका सचिव को भी मामले की जानकारी दी गई, लेकिन इसके बावजूद समस्या जस की तस बनी हुई है।



मंडी अटेली। धनौंदा रोड पर उखड़े पैचवर्क को दिखाते लोग। फोटो: हरिभूमि

ऑनलाइन डॉक्टर अपॉइंटमेंट के नाम पर ठगी में एक और आरोपी गिरफ्तार

- कमीशन के बदले बैंक खाता उपलब्ध कराता था आरोपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

साइबर थाना टीम ने ऑनलाइन डॉक्टर अपॉइंटमेंट के नाम पर 1,39,995 रुपये की ठगी के मामले में एक और आरोपित सतपाल निवासी तिजारा, राजस्थान को गिरफ्तार किया है। जांच में आरोपित की भूमिका ठगी की रकम प्राप्त करने के लिए कमीशन के बदले बैंक खाता उपलब्ध कराने के संबंध में सामने आई है। पुलिस को दी शिकायत में निजामपुर क्षेत्र के गांव



गांव नांगल दुर्गु निवासी फूलसिंह ने बताया था कि वह दक्षिणी दिल्ली के गांव समालका में निजी नौकरी करता है। उसने दो जून को डॉक्टर से चेकअप के लिए ऑनलाइन अपॉइंटमेंट बुक करने हेतु गूगल पर सर्च करते समय उसे एक मोबाइल नंबर मिला। उस नंबर पर संपर्क करने पर संबंधित व्यक्ति ने उसके व्हाट्सऐप पर एपीके फाइल भेजी और उसमें आवश्यक जानकारी भरने के लिए कहा। फाइल खोलकर जानकारी भरने के बाद उसे बताया गया कि ऑनलाइन लिंक फिलहाल काम नहीं कर रहा है और बाद में दोबारा प्रयास करने को कहा गया। शिकायतकर्ता के अनुसार 11 जून को उसके बैंक ऑफ बड़ौदा और यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के खातों से रुपये कटने के संदेश प्राप्त हुए। साइबर ठगी का पता चलने पर उसने अपना मोबाइल रिसेट किया तथा साइबर हेल्पलाइन 1930 पर शिकायत दर्ज करवाई।

स्वच्छता ही सेवा के तहत स्कूलों में चलेगा श्रमदान अभियान

'एक दिन, एक घंटा, एक साथ श्रमदान' के तहत स्कूलों में होगी सफाई

विद्यार्थियों को विद्यालय परिसर व आस-पास के क्षेत्र को सुंदर बनाने का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

जिले के सरकारी विद्यालयों में स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण और विद्यार्थियों में श्रम के प्रति सम्मान की भावना विकसित करने के उद्देश्य से विशेष गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। इस संबंध में जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी की ओर से संबंधित अधिकारियों एवं विद्यालयों को आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

हरियाणा स्कूल शिक्षा परियोजना परिषद पंचकूला के निर्देशों के तहत परिषद की ओर से जारी निर्देशों में स्वच्छता ही सेवा अभियान-2026 (एसएचएस-2026) के अंतर्गत 'एक दिन, एक घंटा, एक साथ श्रमदान' गतिविधि आयोजित करने पर विशेष जोर दिया गया है। इसके माध्यम से विद्यार्थियों, शिक्षकों और विद्यालय समुदाय को स्वच्छता अभियान से जोड़ते हुए विद्यालय परिसर तथा आसपास के क्षेत्र को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने का संदेश दिया जाएगा। निर्देशों के अनुसार विद्यालयों में गठित ईको क्लब फॉर मिशन लाइफ के माध्यम से विद्यार्थियों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जानी है। जिन विद्यालयों में अभी तक ईको क्लब का गठन नहीं हुआ है, वहां आवश्यक प्रक्रिया पूरी कर उसे मिशन लाइफ पोर्टल पर दर्ज करने तथा विद्यालयों की सहभागिता संबंधी जानकारी को नियमित रूप से अपडेट करने के लिए भी कहा गया है।

कचरा प्रबंधन पर किया जाएगा जागरूक

परिषद ने विद्यार्थियों में पर्यावरणीय जागरूकता बढ़ाने के लिए सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट रूल्स, 2026 से संबंधित क्विज में कक्षा छठी से बारहवीं तक के विद्यार्थियों की भागीदारी सुनिश्चित करने पर भी बल दिया है। इससे विद्यार्थियों को कचरा प्रबंधन, स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण और जिम्मेदार नागरिक व्यवहार के प्रति जागरूक करने का प्रयास किया जाएगा। जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी द्वारा जारी पत्र में हरियाणा स्कूल शिक्षा परियोजना परिषद, पंचकूला से प्राप्त दिशा-निर्देशों के अनुरूप संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई करने तथा विद्यालयों में अभियान की प्रभावी क्रियान्विति सुनिश्चित करने को कहा गया है।

जीवनोपयोगी भावनाओं का करते हैं विकास

जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी अशोक शर्मा का मानना है कि ऐसे अभियान विद्यार्थियों में 'स्वच्छता मेरी जिम्मेदारी' और 'पर्यावरण संरक्षण हमारा सामूहिक दायित्व' जैसी जीवनोपयोगी भावनाओं का विकास करते हैं। विद्यालयों में विद्यार्थियों की सक्रिय भागीदारी से चलने वाला यह अभियान स्वच्छता को व्यवहार और संस्कार से जोड़ने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित हो सकता है।



रजनीकांत की जेलर 2 में ऋतिक का होगा कैमियो

नई दिल्ली। जेलर 2 के ट्रेलर को लेकर सुर्खियां इस वजह से भी तेज हैं, क्योंकि इसमें एक बॉलीवुड सुपरस्टार के कैमियो की सीक्रेट झलक देखने को मिली है। फिल्मी सितारों का मूवीज में कैमियो करने का चलन सिनेमा जगत में लंबे अरसे से चला रहा है। अब इस मामले में नया नाम वॉर फिल्म अभिनेता ऋतिक रोशन का शामिल हो रहा है। जी हां ऋतिक ही वह बॉलीवुड सुपरस्टार हैं, जो रजनीकांत की अपकमिंग मूवी जेलर 2 में कैमियो रोल प्ले करते दिखेंगे। जेलर 2 के ट्रेलर में ऋतिक की बैक साइड से हल्की सी झलक देखने को मिली है। लेकिन उनकी कद-काठी और स्टाइल को देखकर ये साफ पता चल रहा है कि वह ऋतिक हैं।

लाइफ Style


तमन्ना

बार-बार सर्च करती हैं अपना नाम

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

फिल्म इंडस्ट्री में मात्र 15 साल की कम उम्र से अपने अभिनय सफर की शुरुआत करने वाली लोकप्रिय अभिनेत्री तमन्ना भाटिया ने अपने अब तक के लंबे करियर में कई उतार-चढ़ाव देखे हैं। वर्ष 2005 की अपनी शुरुआती तस्वीरों से लेकर आज तक की इस पूरी विकास यात्रा को वह अपनी फिल्मों में जीवंत रूप से दर्ज होते हुए देखती हैं।

इस दौरान उन्हें इस बात का थोड़ा अफसोस भी है कि व्यस्त दिनचर्या के कारण उन्होंने कभी खुद के लिए पर्याप्त वक्त नहीं निकाला। एक विशेष साक्षात्कार में तमन्ना ने अपने इसी सिनेमैटिक सफर के कई अनछुए और दिलचस्प पहलू साझा किए। साक्षात्कार में जब यह सवाल पूछा गया कि क्या वह इंटरनेट पर खुद के बारे में सर्च (गूगल) करती हैं, तो उन्होंने बिना झिझक के स्वीकार किया, 'हर समय। मैं पूरे दिन खुद के बारे में गूगल करती रहती हूँ। मैं यह देखना और जानना चाहती हूँ कि लोग मेरे बारे में क्या बात कर रहे हैं। कभी-कभी सर्च करते वक्त बहुत ही मजेदार और फनी चीजें भी देखने को मिल जाती हैं।' इंटरनेट पर अपने बारे में लिखी जाने वाली बातों का जिक्र करते हुए वह निष्कर्ष देती हैं, 'कभी-कभी ऑनलाइन इतनी बेहतरीन और शानदार स्क्रिप्ट्स या समीक्षाएं पढ़ने को मिलती हैं, जिन्हें देखकर मन में आता है कि काश हमारी फिल्मों के लिए भी कोई ऐसे ही कमाल के लेखक दो-तीन अच्छी लाइनें लिख दें। लेकिन हाँ, यह सच है कि मैं हमेशा अपना नाम गूगल पर चेक करती रहती हूं।' अपने इस लंबे और व्यस्त कॅरियर को पीछे मुड़कर देखने पर अभिनेत्री को सबसे बड़ा मलाल खुद के लिए समय न निकाल पाने का है।




हॉलीवुड मसाला



द बैटमैन पार्ट-2 की शूटिंग ठप

लॉस एंजिल्स। निर्देशक मैट रीव्स की परिवारिक कारणों की वजह से फिल्म 'द बैटमैन पार्ट 2' की शूटिंग रोक दी गई है। इसकी जानकारी मेकर्स ने हाल ही में फैंस के साथ साझा की। फिल्म 'द बैटमैन पार्ट 2' की शूटिंग कुछ दिनों से लंदन में चल रही थी। मगर अब इसे रोक दिया गया है। फिल्म के निर्माता वार्नर ब्रदर्स और डीसी स्टूडियोज ने सोमवार को इसकी पुष्टि की जिससे इस सीक्वल को लेकर एक और नया मोड़ आ गया है, जिसकी रिलीज डेट पहले ही कई बार आगे बढ़ाई जा चुकी है।






नई नवेली का दूसरा गाना

फटा पटाखा रिलीज

मुंबई। यामी गौतम की अपकमिंग फिल्म 'नई नवेली' का नया और दूसरा गाना 'फटा पटाखा' रिलीज हो चुका है। इससे पहले इसी फिल्म से 'भाभी तबाही' सॉन्ग रिलीज किया गया था। यामी गौतम धर की ये फिल्म 'दशहरा' पर रिलीज हो रही है। अब 6 अक्टूबर को फिल्म का ये नया गाना 'फटा पटाखा' रिलीज किया गया है जिसमें बहुत सारी मस्ती, मिस्ट्री के साथ बहुत सारा एंटरटेनमेंट का मसाला भी है। कहा जा रहा है कि फिल्म में लीड रोल में नजर आने वाली यामी गौतम धर पहली बार इस तरह के रोल में दिख रही हैं, जो इससे पहले उन्होंने कभी नहीं निभाया है। मेकर्स के मुताबिक उनकी इस फिल्म की कहानी इंडियन फैंटेसी फैमिली-एंटरटेनर की दुनिया को जिंदा करती है। 'फटा पटाखा' गाने की काफी लोगों ने तारीफ की है।



15 साल बाद एक साथ

करीना-शाहरुख

नई दिल्ली। एक्ट्रेस करीना कपूर खान करीब 15 साल बाद शाह रुख खान के साथ फिर से स्क्रीन स्पेस शेयर करती नजर आएंगी। खबर है कि एक्ट्रेस शाह रुख की आने वाली एक्शन-एंटरटेनर फिल्म 'किंग' में एक स्पेशल अपीयरेंस देंगी। करीना 'डैडी कूल' नाम के गाने में सुपरस्टार के साथ नजर आएंगी। एक रिपोर्ट के मुताबिक, करीना इस महीने के आखिर में साउथ अफ्रीका में शाह रुख के साथ इस स्पेशल गाने की शूटिंग करेंगी। बताया जा रहा है कि उन्होंने शूटिंग के लिए पांच दिन दिए हैं, और इसे बहुत बड़े पैमाने पर शूट करने की प्लानिंग है। 'डैडी कूल को एक बहुत ही खास गाने के तौर पर तैयार किया जा रहा है और इसमें शाह रुख और करीना को ऐसे अंदाज में साथ लाया जाएगा जैसा दर्शकों ने पहले कभी नहीं देखा होगा।

अवेंजर्स डूम्सडे का नया पोस्टर मचा रहा खलबली

नई दिल्ली। 4600 करोड़ के बजट वाली फिल्म के खतरनाक विलेन का हैरतअंगज लुक रिलीज हो गया है। इस सुपरविलेन से लड़ने का काम 23 से ज्यादा सुपरहीरो करेंगे। हम बात कर रहे हैं अवेंजर्स डूम्सडे मूवी की. मलागा के कॉमिक-कॉन में अवेंजर्स डूम्सडे के डॉक्टर डूम और उनके दो साथियों का नया पोस्टर रिलीज किया गया है। इस पोस्टर को रिलीज करते हुए मार्वल स्टूडियोज ने इंस्टाग्राम पर लिखा है, 'सीधा मलागा कॉमिक कॉन से. चुड़ैलों का सीजन आ गया है। 18 दिसंबर 2026 को दुनियाभर के थिएटर्स में आ रही है अवेंजर्स डूम्सडे.' इस पोस्टर में डॉक्टर डूम के साथ उनकी बाकी साथी भी नजर आ रही हैं। अवेंजर्स डूम्सडे 18 दिसंबर को अंग्रेजी, हिंदी, तमिल और तेलुगु में भारतीय सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

टीवी मसाला




सारा और बिग बी के बीच हुई शेरों शायरी की जुगलबंदी

नई दिल्ली। आयुष्मान खुराना और सारा अली खान जल्द ही फिल्म 'उड़ता तीर' में नजर आएंगे। दोनों सितारे इस स्पाई कॉमेडी फिल्म का प्रमोशन करने अमिताभ बच्चन के क्विज शो 'कौन बनेगा करोड़पति 18' में पहुंचे। इस दौरान अमिताभ बच्चन ने आयुष्मान की खूब तारीफ की। वहीं, सारा अली खान और बिग बी के बीच शेरों शायरी की जुगलबंदी देखने को मिली। बिग बी ने फिल्म 'गुलाबो सिताबो' में आयुष्मान खुराना के साथ काम करने का किस्सा शेयर किया। आयुष्मान की तारीफ में अमिताभ बच्चन ने कहा, 'हमने इनके साथ एक फिल्म की थी 'गुलाबो सिताबो'। बहुत ही तैयारी करके ये आते थे। हमको लाइन याद करने में तकलीफ होती थी। एक तो हमें बूढ़ा बना दिया। डायरेक्टर ने कहा कि पूरी पिक्चर में आपको झुककर चलना है तो वैसे ही हम अपनी लाइन भूल रहे थे। मगर, इनमें इतना धैर्य था कि 'चलो यार बुढ़ऊ है, थोड़ा समय दे देते हैं। इनकी तरफ से कहीं भी गलती नहीं देखिएगा, इतना सुंदर अभिनय था इनका'। बिग बी से अपने लिए तारीफ के ये शब्द सुनकर आयुष्मान खुराना मुस्कुराने लगे और शुक्रिया की मुद्रा में हाथ जोड़ने लगे। इसके बाद आयुष्मान खुराना ने अमिताभ बच्चन और सारा अली खान के बीच शेरों-शायरी की महफिल सजवाई। दरअसल, एक्टर ने अमिताभ बच्चन से कहा, 'आपकी लेगेसी है, जहां से आप आए हैं। आप हरिवंश राय बच्चन जी के सुपुत्र हैं। महान कवि थे वे।

सुसाइड की कोशिश में कलाई की नस काट ली थी

नई दिल्ली। रियलिटी शो राइज एंड फॉल शो के दौरान भोजपुरी एक्ट्रेस काजल राघवानी ने अपनी लाइफ के एक डिफिकल्ट टाइम के बारे में बात की, उन्होंने बताया कि एक समय पर वो इतनी ज्यादा परेशान हो गई थीं कि उन्होंने अपनी जान लेने की कोशिश की थी। दरअसल, शो के दौरान कंटेस्टेंट निहारिका तिवारी ने काजल के हाथ पर कलाई कटने का निशान देखा और उसके बारे में पूछा। तब काजल ने बताया, 'मैंने सुसाइड करते समय अपने हाथ की कलाई की नस काटी थी।' काजल राघवानी की इस बात ने वहां मौजूद सभी कंटेस्टेंट को चौंका दिया। वहीं, काजल की बात सुनते ही मनीष कश्यप उनसे कहते हैं, 'मैं इंजेक्शन से डरता हूं, यहां लड़कियां हाथ काट लेती हैं। आप लोगों को इतनी हिम्मत आ कहां से रही है। शिद्दत से प्यार करिए लेकिन अगर कोई भूल रहा है, तो उसे भूल जाओ।' हालांकि, काजल ने साफ किया कि ऐसा उन्होंने किसी के छोड़ जाने या प्यार में नहीं किया था बल्कि अपने लिए किया था।



साइकोलॉजिकल थ्रिलर फिल्म 'तू है मेरी किरण' का ट्रेलर जारी


मुंबई। सोनाक्षी सिन्हा और जहीर इकबाल जल्द ही फिल्म 'तू है मेरी किरण' में नजर आएंगे। मंगलवार को फिल्म का ट्रेलर रिलीज हुआ है। सोनाक्षी सिन्हा और जहीर इकबाल जल्द ही पर्दे पर साथ काम करने नजर आएंगे। फिल्म का नाम है- 'तू है मेरी किरण'। यह एक रोमांटिक-साइकोलॉजिकल थ्रिलर फिल्म है। जहीर इकबाल एक जुनूनी आशिक के रोल में नजर आए हैं। फिल्म का ट्रेलर जारी हो चुका है। फिल्म 'तू है मेरी किरण' का ट्रेलर सस्पेंस और थ्रिल से भरा है। कहानी प्यार-मोहब्बत वाली है, मगर यह प्यार एकतरफा है। एक तरफा प्यार, दूसरे के लिए आफत बनता है। कुछ ऐसा ही इस ट्रेलर में देखने को मिला है। जहीर इकबार सनकी आशिक के रोल में हैं। सोनाक्षी सिन्हा को वो इस कदर परेशान कर देते हैं कि वह अकेले छोड़ देने की गुजारिश करती हैं। ट्रेलर में जहीर इकबाल सोनाक्षी से कहते हैं, 'तुम जैसी लड़की के लिए मुझ जैसे लड़के के लिए प्यार करना बहुत मुश्किल है'। दोनों में जान-पहचान होती है। बातें होती हैं। एक दिन जहीर का किरदार प्रपोज कर देता है और कहता है, 'आई लव यू किरण'। सोनाक्षी का किरदार चौंकता है और हद



में रहने को कहता है। जहीर का जवाब होता है, 'अगर यह एकतरफा प्यार हुआ तो दिल टूट जाएगा मेरा। तुम्हें भी मुझसे प्यार करना होगा किरण'। जुनूनी आशिक से तंग आकर सोनाक्षी कहती हैं, 'तुम्हें जो चाहिए, सब ले लो। मुझे अकेला छोड़ दो प्लीज'। किरण के साथ बहुत अजीब-अजीब घटनाएं घटती हैं। ट्रेलर में कुछ सस्पेंस भी है। हालांकि, इसका राज नहीं खुला है। क्या सस्पेंस है, यह फिल्म देखकर ही पता चलेगा। मगर, ट्रेलर काफी दिलचस्प है। यह फिल्म 23 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिलहाल ट्रेलर पर दर्शकों की सकारात्मक प्रतिक्रिया आ रही है।

राजू ने याद किए बुरे दिन, चैनल बंद होने से डूब गए थे सारे पैसे, नहीं था कोई सहारा

नई दिल्ली। अभिनेता- निर्देशक राजू खेर ने सिद्धार्थ कनन से बातचीत में अपने पुराने वक्त को याद करते हुए कहा, 'एक समय था जब मैं बुरे दौर से गुजर रहा था। मैंने अपना घर बेच दिया था क्योंकि एक नया चैनल आने वाला था, इसलिए मैंने कहीं और एक फ्लैट खरीद लिया था। नया चैनल लॉन्च होने वाला था और कई लोग पायलट प्रोजेक्ट बना रहे थे, समझौते भी हो चुके थे। मैंने भी 'लाइफ के लिए कुछ भी करेगा' नाम का एक कार्यक्रम बनाया था। अचानक मुझे पता चला कि वह चैनल बंद हो गया है। फ्लैट बेचकर जो पैसे मिले थे, मैंने उस कार्यक्रम में लगा दिए थे। मुझे लगा था कि मेरी जिंदगी शानदार है, चार बेडरूम का घर है, परिवार के लिए सब कुछ तैयार है। फिर, चैनल गायब हो गया और किसी को पता नहीं चला कि क्या हुआ। उनके दरवाजे पर बस एक ताला लगा हुआ था।'



फिल्म और टेलीविजन में किया काम

राजू खेर ने फिल्म और टेलीविजन दोनों में अभिनेता और निर्देशक के रूप में काम किया है। उन्होंने 1990 के दशक में अभिनय शुरू किया और गुलाम, जंगल, ओम जय जगदीश, शूटआउट एट वडाला, कृष 3, मैं तेरा हीरो, ऊंची और पटना शुक्ला जैसी फिल्मों में अभिनय किया है। उन्होंने कई टेलीविजन शो का निर्देशन भी किया है। 1999 का सीरियल संस्कार, साथ ही मंजिल, अभिलाषा और रेत का दरिया के लिए वह काफी मशहूर हुए।

लगा भाई अनुपम ने नहीं की मदद

आगे अपने इंटरव्यू में राजू ने कहा, 'मुझे भी किराया चुकाने का दबाव महसूस हो रहा था। मेरे पास कोई और सहारा नहीं था, मैं सिर्फ अपने भाई से बात कर सकता था, और मुझे लगा कि वह मेरी मदद करेगा। लेकिन, उस समय उसने भी काम करना बंद कर दिया था। कारण यह था कि वह उन अजीबोगरीब फिल्मों में काम नहीं करना चाहता था, वह सार्थक भूमिकाएं चाहता था। इसलिए, मुझे लगा कि मेरे भाई ने मेरी मदद नहीं की। वह कर सकता था, यही मेरा उस समय का विचार था।'राजू ने आगे बताया कि अनुपम खेर उस वक्त खुद निजी संघर्षों से गुजर रहे थे। इस वजह से वह राजू की मदद नहीं कर सके। मगर इस बात का एहसास राजू को कई साल बाद हुआ।


मनोवैज्ञानिक पारिवारिक ड्रामा है यह फिल्म, जिम्मी और दिव्या आएंगे नजर

'तुम रहे ना तुम' का टोरंटो फिल्म फेस्टिवल में होगा वर्ल्ड प्रीमियर

नई दिल्ली। जिम्मी शेरगिल और दिव्या दत्ता स्टारर फिल्म 'तुम रहे ना तुम' का वर्ल्ड प्रीमियर 10 अक्टूबर को इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल ऑफ साउथ एशिया टोरंटो में होगा। फिल्म का प्रीमियर गाला स्क्रीनिंग के तौर पर मिसिसॉगा के सिनेप्लेक्स सिनेमाज कोर्टनी पार्क में किया जाएगा। प्रेम प्रकाश मोदी के निर्देशन में बनी यह फिल्म एक मनोवैज्ञानिक पारिवारिक ड्रामा है। फिल्म में जिम्मी शेरगिल और दिव्या दत्ता मुख्य भूमिकाओं में हैं, जबकि तनिष्का तिवारी, हर्ष छाया, जरीना वहाब और राजेश जैसे अहम किरदारों में नजर आएंगे।

नाटक 'द फादर' से प्रेरित फिल्म

फिल्म की पटकथा राकेश कुमार त्रिपाठी ने लिखी है। विक्रमजीत रॉय इसके एग्जीक्यूटिव प्रोड्यूसर हैं, जबकि दीपांकर 'जोजो' चाकी एग्जीक्यूटिव प्रोड्यूसर के साथ फिल्म के साउंड डिजाइनर भी हैं। फिल्म का निर्माण विन्नी चावला, डॉ. वृंदा चावला और सोनू कटियाल ने फैनैटिकली फिल्मी प्राइवेट लिमिटेड के बैनर तले किया है। 'तुम रहे ना तुम' स्वीडिश नाटककार ऑगस्ट स्ट्रिंडबर्ग के चर्चित नाटक "द फादर" से प्रेरित है। कहानी को भारतीय पारिवारिक परिवेश में रखा गया है और उत्तराखंड के एक पहाड़ी शहर की पृष्ठभूमि में एक पति-पत्नी के बीच अपनी बेटी के भविष्य को लेकर शुरू हुए टकराव को दिखाया गया है। धीरे-धीरे यह विवाद सिर्फ बेटी के फैसले तक सीमित नहीं रहता, बल्कि परिवार के भीतर सत्ता, पहचान, भरोसे और रिश्तों को लेकर गहरे संघर्ष में बदल जाता है।



बच्चे की भविष्य पर सवाल

फिल्म परिवार और रिश्तों के जरिए यह सवाल भी उठाती है कि आखिर किसी बच्चे के भविष्य को तय करने का अधिकार किसके पास होना चाहिए। कहानी में पितृसत्ता, असुरक्षा, विरासत और माता-पिता की अपेक्षाओं के साथ-साथ उन भावनात्मक जख्मों को भी जगह दी गई है, जो लंबे समय में रिश्तों को प्रभावित करते हैं। फिल्म किसी एक किरदार को पूरी तरह सही या गलत ठहराने के बजाय दो ऐसे लोगों के बीच के संघर्ष को सामने रखती है, जिनकी अपनी कमियां और असुरक्षाएं हैं।

भारत से बाहर के दर्शकों तक भी पहुंचेगी फिल्म

फिल्म के वर्ल्ड प्रीमियर को लेकर जिम्मी शेरगिल ने कहा, 'तुम रहे ना तुम' की शुरुआत IFFSA टोरंटो में वर्ल्ड प्रीमियर के साथ होना मेरे लिए बेहद खास है। कहानी एक भारतीय परिवार से जुड़ी है, लेकिन इसमें मौजूद भावनाएं सार्वभौमिक हैं। मुझे उम्मीद है कि भाषा और भौगोलिक सीमाओं से परे यह फिल्म लोगों से जुड़ पाएगी। निर्देशक प्रेम प्रकाश मोदी ने कहा कि एक सदी से भी पहले लिखी गई कहानी का आज भी प्रासंगिक महसूस होना अपने आप में खास है। उन्होंने उम्मीद जताई कि इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल ऑफ साउथ एशिया टोरंटो के जरिए फिल्म भारत से बाहर के दर्शकों तक भी पहुंचेगी। वहीं, दिव्या दत्ता ने कहा कि परिवार, प्यार और उम्मीदों को लेकर हर संस्कृति में अपनी समानताएं होती हैं। उनके मुताबिक, फिल्म में रिश्तों को जिस तरह से दिखाया गया है, उसमें दुनिया भर के दर्शक अपनी जिंदगी की कोई न कोई झलक देख सकते हैं।

खबर संक्षेप

11 को होगी जांगिड़ समाज की मासिक बैठक

मंडी अटेली। विश्वकर्मा जांगिड़ समाज सुधार सेवा समिति अटेली मंडी की मासिक बैठक 11 अक्टूबर को विश्वकर्मा धर्मशाला में आयोजित की जाएगी। समिति के प्रधान संतोष कुमार जांगिड़ ने बताया कि बैठक में 17 सितंबर को विश्वकर्मा पूजा दिवस के अवसर पर आयोजित हवन एवं भंडारे के आय-व्यय का पूरा ब्यौरा प्रस्तुत किया जाएगा। आयोजन के दौरान प्राप्त दानराशि और किए गए खर्च की जानकारी समाज के सदस्यों के समक्ष रखी जाएगी। उन्होंने कहा कि बैठक में समाज की गतिविधियों को लेकर सदस्यों के सुझाव भी लिए जाएंगे, ताकि सामाजिक कार्यों को और बेहतर ढंग से आगे बढ़ाया जा सके।

रिश्तों की गर्माहट लौटाएगा 'चिट्ठी लिखो-रिश्ते जोड़ो'

नारनौल। विश्व डाक दिवस के अवसर पर प्रगतिशील शिक्षक ट्रस्ट की ओर से नौ अक्टूबर को 'चिट्ठी लिखो रिश्ते जोड़ो' अभियान आयोजित किया जाएगा। अभियान की थीम 'डिजिटल संदेशों के दौर में, एक चिट्ठी अपनों के नाम' रखी गई है। ट्रस्ट के संस्थापक डॉ. संजय शर्मा ने बताया कि सीएल स्कूल में आयोजित होने वाले इस अभियान के तहत विद्यार्थी, शिक्षक, युवा जीवन में विशेष योगदान देने वाले किसी व्यक्ति के नाम चिट्ठी लिखेंगे। प्रतिभागियों को पोस्टकार्ड एवं लिफाफे उपलब्ध करवाकर पत्र संबंधित पते तक डाक से पहुंचाने की व्यवस्था की जाएगी।

साम दिवसीय शिव महापुराण का शुभारंभ

महेंद्रगढ़। पितृपक्ष के उपलक्ष्य में श्री लाइना बाबा सरकार की अनुकंपा से मोहल्ला नीमडी नीचे स्थित श्री शिव श्याम मंदिर के समस्त भक्त जनों के सहयोग सात दिवसीय शिव महापुराण कथा का शुभारंभ किया गया। चित्रकूट धाम उत्तर प्रदेश से स्वामी कमलदास ने कथा के पहले दिन श्री शिव महापुराण कथा का महात्म्य की कथा सुनाई। उन्होंने कहा कि देवराज विंदुक चंचुला जैसे अनायास श्री शिवमहापुराण कथा को सुनकर शिव लोक को प्राप्त कर लिया। कथा के पूर्व सुबह शहर के मुख्य मार्गों से कलश यात्रा सुमन के नेतृत्व में कलश यात्रा निकाली गई,। मंदिर के प्रधान देवेंद्र ने बताया कि कथा सुनने का समय प्रतिदिन दोपहर 2.15 से सायं 5.15 बजे तक का रखा गया है।

सिद्धपीठ रंगमंच पर होगा रामलीला का शुभारंभ

महेंद्रगढ़। स्थानीय रामलीला परिषद के सिद्धपीठ रंगमंच पर इस वर्ष की रामलीला का विधिवत शुभारंभ होने जा रहा है। रामलीला परिषद के निर्देशक दलीप गोस्वामी और प्रेस प्रवक्ता राजू सोनी ने जानकारी देते हुए बताया कि आठ अक्टूबर को रात्रि 8:15 बजे विघ्नहर्ता भगवान श्री गणेश के विधि-विधान से पूजन के साथ रामलीला महोत्सव का आगाज होगा। यह आयोजन सनातन परंपरा के अनुसार महंत कपूर गिरी महाराज, महंत शक्ति नाथ महाराज एवं महंत वच्चई नाथ महाराज के दिव्य सानिध्य में संपन्न होगा। विद्वान संतों एवं आचार्यों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ प्रथम पूज्य भगवान गणपति की आराधना की जाएगी।

ब्लॉक स्तरीय सम्मेलन में कांग्रेस नेताओं ने भाजपा को घेरा

सिहमा को ब्लॉक बनाने की मांग हमने उठाई, कांग्रेस ने किया पूरा

- भाजपा ने धर्म और जाति के नाम पर लोगों के बीच विभाजन पैदा किया, लोग हुए भ्रमित : राव नरेंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मंडी अटेली



11 मंडी अटेली। ब्लॉक स्तरीय कांग्रेस कार्यकर्ता सम्मेलन में उपस्थित महिलाएं एवं ग्रामीण। फोटो : हरिभूमि

सिहमा में मंगलवार को कांग्रेस का ब्लॉक स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित किया गया। सम्मेलन में मुख्य अतिथि कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह, जबकि विशिष्ट अतिथि जिला अध्यक्ष सतवीर झूकिया रहे। यह सम्मेलन ब्लाक अध्यक्ष दिलीप सिंह की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। सम्मेलन का मंच संचालन कांग्रेस के वरिष्ठ नेता महेंद्र सिंह राता ने किया। इस अवसर पर कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह ने कहा कि बाबा खेतानाथ के आशीर्वाद से जब वे यहां से विधायक और मंत्री बने थे, तब उनकी सबसे पहली मांग सिहमा को ब्लॉक बनाने की थी। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के लोगों की भी लंबे समय से मांग थी कि सिहमा को ब्लॉक बनाया जाए। तत्कालीन मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने उनकी मांग को स्वीकार करते हुए सिहमा को ब्लॉक बनाया। उन्होंने कहा कि सिहमा के बाद निजामपुर और सतनाली को भी ब्लॉक बनाया गया। राव नरेंद्र सिंह ने कहा कि कांग्रेस ने महसूस किया कि वर्ष 2014, 2019 और 2024 के विधानसभा चुनावों में दक्षिणी हरियाणा का यह क्षेत्र लगातार अपने आपको उपेक्षित महसूस करता रहा है। लोगों को लगता रहा कि उन्हें सही प्रकार से न्याय नहीं मिल रहा और उनकी समस्याओं की उचित सुनवाई नहीं हो रही। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा ने धर्म और जाति के नाम पर लोगों के बीच विभाजन पैदा किया, जिससे क्षेत्र के लोग भ्रमित हुए और भाजपा को यहां राजनीतिक लाभ मिला।

ये रहे मौजूद

इस मौके पर प्रदेश उपाध्यक्ष एससी विभाग अमर सिंह निमहोरिया, केसीसी जिला अध्यक्ष राजन यादव, अटेली ब्लाक अध्यक्ष सुमेर बिहाली, केसीसी के पूर्व जिला अध्यक्ष राजेंद्र खामपुरा, फार्मेसी काउंसिल हरियाणा पूर्व रजिस्ट्रार सुरेंद्र यादव, सेवादल जिला अध्यक्ष अजीत यादव, नरेंद्र अटाली, वीरेंद्र गोलिया, बिट्टू शर्मा, चांदराम मौड़ीवाल, तरुण के अलावा कांग्रेस के जिला टीम एवं ब्लॉक स्तरीय तथा बूथ स्तरीय कार्यकर्ता मौजूद रहे।

चुनाव व्यवस्था पर लगाए गंभीर आरोप

प्रदेश अध्यक्ष ने चुनाव व्यवस्था को लेकर भी भाजपा पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने नारनौल विधानसभा चुनाव का जिक्र करते हुए कहा कि चुनाव के दौरान मशीनों की बैटरियों को लेकर सवाल खड़े हुए। उन्होंने सवाल उठाते हुए कहा कि यदि मोबाइल को तीन दिन तक चार्ज नहीं किया जाए तो उसकी बैटरी कम हो जाएगी या मोबाइल बंद हो जाएगा। फिर मशीनों की बैटरी प्रतिशत कैसे बढ़ गई। उन्होंने भाजपा के हरियाणा में 56.8 प्रतिशत मतदान के आंकड़े के बाद मतगणना के समय 64 प्रतिशत आंकड़ा सामने आने पर भी सवाल उठाया।

श्रीकृष्णा के बच्चों को दिखाई बाल गणेश और लिटिल श्रीकृष्णा फिल्म

- व्यावहारिक ज्ञान के लिए बाल गणेशा व लिटिल श्रीकृष्णा सहित कई फिल्में दिखाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़



16 महेंद्रगढ़। फिल्म का आनंद उठाते बच्चे। फोटो : हरिभूमि

श्रीकृष्णा स्कूल में कक्षा एलकेजी से पांचवीं तक के विद्यार्थियों को फिल्में दिखाई गईं। इस अनोखे आयोजन के दौरान चेयरमैन डॉ. बीरसिंह यादव मुख्य रूप से उपस्थित रहे। हेड नत्थूराम व संतोष यादव ने बताया कि बच्चों के मनोरंजन और व्यावहारिक ज्ञान के लिए स्कूल में 'बाल गणेशा' और 'लिटिल श्रीकृष्णा' सहित कई अन्य प्रेरणादायक फिल्में दिखाई गईं। फिल्म को लेकर नन्हे-मुन्ने बच्चों में भारी उत्साह, जुनून और खुशी देखने लायक थी। फिल्म देखने पहुंचे नन्हे-मुन्नों के लिए थियेटर के कमरे में बड़ी स्क्रीन पर चलती रंग-बिरंगी तस्वीरें और कानों में गूंजती दमदार आवाज ने बच्चों को पूरी तरह मंत्रमुग्ध कर दिया। चेयरमैन डॉ. बीरसिंह यादव ने कहा कि फिल्में केवल मनोरंजन का साधन नहीं हैं, बल्कि यह हमें जीवन की बड़ी सीख भी देती हैं। बाल गणेश और लिटिल श्रीकृष्णा जैसी फिल्में आपको अपनी संस्कृति, वीरता और अच्छे संस्कारों से जोड़ती हैं। सीईओ कर्मवीर राव व डा. कविता राव ने कहा कि आधुनिक युग में व्यावहारिक और मनोरंजक शिक्षा बहुत जरूरी है।

धोलपोश आश्रम में भंडारा नौ को

महेंद्रगढ़। श्री गौशाला धोलपोश आश्रम सैनीपुरा में प्रत्येक वर्ष आश्विन मास की कृष्ण पक्ष चतुर्दशी को महान सन्त सिद्ध बाबा धोलपोश को श्राद्ध भोग लगाया जाता है। मान्यता है कि बाबा धोलपोश को अर्जी लगाकर भंडारे में प्रशाद लेने वाले के पितृदोष शांत होकर घर में सुख शांति आती हैं। विशाल भंडार नौ अक्टूबर शुक्रवार को है। जिसमें 9-10 हजार भक्तजन प्रशाद ग्रहण करते हैं। कार्यक्रम हवन प्रातः 09-15 सिद्ध बाबा धोलपोश भोग दोपहर 12-15 साधु समाज भोग दोपहर 01-15. भंडारा प्रशाद आरंभ दोपहर 01-30 से आपके आगमन तक। श्री गौशाला धोलपोश आश्रम के प्रधान रविन्द्र तिवाड़ी उप प्रधान रविंद्र चौहान संरक्षक सुरेश शर्मा, सचिव रमेश कुमार वर्मा कोषाध्यक्ष मास्टर महाबीर झगडोली एवं समस्त कार्यकारिणी विशाल भंडारा में आप सभी गोसेवक भक्तजनों को सादर

बलाहा कलां में पुण्यतिथि पर लगाई वटवृक्ष की पौध

- पर्यावरण शुद्धता के लिए लोगों की पेड लगाने की जरूरी : मंजू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल



नारनौल। ग्रामीणों के साथ पौधरोपण करती मंजू यादव। फोटो : हरिभूमि

गांव बलाहा कलां स्थित राजकीय विद्यालय में स्वर्गीय रामकुमार बौहरा की 14वीं पुण्यतिथि पर वटवृक्ष की पौध लगाई गई। उनकी पुत्रवधू मंजू यादव ने पौध लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि पर्यावरण की शुद्धता के लिए सभी लोगों को अधिक से अधिक पेड़–पौधे लगाने की आवश्यकता है। जब धरती हरी–भरी होगी, तभी प्राणवायु रूपी शुद्ध आक्सीजन मिल सकेगी। इस अवसर पर भारत शर्मा, मनीष एडवोकेट, केहर सिंह यादव सहित अन्य लोग मौजूद रहे। उपस्थित लोगों ने पौध के संरक्षण और देखभाल का संकल्प लिया।

मसाले की खेती पर मिल रहा 50% अनुदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

आवेदन प्रक्रिया व शर्तें:

इच्छुक किसानों को अनुदान प्राप्त करने के लिए सबसे पहले 'मेरी फसल-मेरा ब्योरा' पोर्टल पर अपना पंजीकरण कराना अनिवार्य है। इसके पश्चात किसान बागवानी विभाग के आधिकारिक पोर्टल पर जाकर संबंधित मद का चुनाव करते हुए ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन के साथ सभी आवश्यक दस्तावेज अपलोड करने के बाद ही आवेदन को पूर्ण व मान्य माना जाएगा। यह योजना 'पहले आओ, पहले पाओ' के सिद्धांत पर आधारित है।

जिले में मसालों की खेती को बढ़ावा देने और किसानों की आय में वृद्धि करने के उद्देश्य से हरियाणा सरकार की ओर से बागवानी विभाग की एमआईडीएच स्कीम के तहत 50 प्रतिशत तक का अनुदान दिया जा रहा है। जिला उद्यान अधिकारी डॉ. प्रेम कुमार ने बताया कि जो किसान मुख्य रूप से बीज वाले मसाले जैसे मेथी तथा बल्ब वाले मसाले जैसे लहसुन की खेती करना चाहते हैं, वे इस योजना का लाभ उठा सकते हैं। राज्य सरकार द्वारा मेथी की खेती पर 15 हजार रुपये प्रति एकड़ तथा लहसुन की खेती पर 30 हजार रुपये प्रति एकड़ की दर से अनुदान राशि का प्रावधान किया गया है। योजना के तहत एक किसान को अधिकतम पांच एकड़ तक ही अनुदान की सुविधा प्रदान की जाएगी। योजना से संबंधित किसी भी प्रकार की विस्तृत जानकारी के लिए किसान अपने नजदीकी ब्लॉक उद्यान विकास अधिकारी से संपर्क कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि नारनौल व सिहमा ब्लॉक के लिए उद्यान विकास अधिकारी के मोबाइल नंबर 9579600685, अटेली व कनीना के लिए उद्यान विकास अधिकारी के मोबाइल नंबर 9518121395, महेंद्रगढ़ व सतनाली के लिए उद्यान विकास अधिकारी के मोबाइल नंबर 9660959092 तथा नांगल चौधरी व निजामपुर ब्लॉक के लिए उद्यान विकास अधिकारी के 9460001145 पर संपर्क कर जानकारी ले सकते हैं।

आवेदन के लिए जरूरी दस्तावेज

आवेदन के दौरान 'मेरी फसल-मेरा ब्योरा' पंजीकरण रसीद, बागवानी पोर्टल पंजीकरण, परिवार पहचान पत्र, पासपोर्ट साइज फोटो, बैंक पासबुक, आधार कार्ड, पैन कार्ड, जमाबंदी/फर्द/इंतकाल या पटवारी रिपोर्ट तथा खरीद का मूल बिल जमा करना आवश्यक है।

दहेज मांगना और देना दोनों ही अपराध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल



नारनौल। कानूनी जागरूकता शिविर में संबोधित करती सीजेएम नीलम कुमारी। फोटो : हरिभूमि

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से वन स्टॉप सेंटर में दहेज निषेध कानून को लेकर कानूनी जागरूकता शिविर का आयोजन किया। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा उत्तर प्रदेश राज्य बनाम अजमल बेग मामले में जारी ऐतिहासिक दिशा-निर्देशों के अनुपालन में आम जनमानस को जागरूक करना, दहेज प्रथा जैसी सामाजिक बुराई के खिलाफ वैधानिक जानकारी देना तथा जिला महेंद्रगढ़ के तहत नियुक्त दहेज निषेध अधिकारियों के संपर्क विवरण सार्वजनिक कर प्रसारित करना है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी नीलम कुमारी ने मौके पर पहुंचकर शिविर की व्यवस्थाओं और गतिविधियों के बारे में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि भारतीय कानून के तहत दहेज मांगना और देना दोनों ही संगीन एवं दंडनीय कानूनी अपराध हैं। उन्होंने माननीय उच्चतम न्यायालय के निर्देशों के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि पीड़ित महिलाएं बिना किसी डर अथवा संकोच के अपनी शिकायतें दर्ज करा सकती हैं। किसी भी प्रकार की कानूनी सहायता अथवा मार्गदर्शन के लिए वे संबंधित दहेज निषेध अधिकारियों और सहायता केंद्रों से बेझिझक संपर्क कर सकती हैं। उन्होंने बताया कि सर्वोच्च न्यायालय ने स्टेट ऑफ यूपी बनाम अजमल बेग केस में संपूर्ण देश के भीतर दहेज प्रथा के विरुद्ध व्यापक स्तर पर जन-जागरूकता अभियान चलाने और प्रत्येक क्षेत्र में नियुक्त दहेज निषेध अधिकारियों के संपर्क विवरण आम जनता के बीच प्रसारित करने के निर्देश दिए हैं। इस मौके पर वन स्टॉप सेंटर प्रशासक वंदना यादव, पैनल अधिवक्ता गिरिबाला व पैरा लीगल वालंटियर रेखा मौजूद थी।



35वीं बार राव दान सिंह करेंगे रामलीला का शुभारंभ, मंचन की तैयारियां तेज

महेंद्रगढ़। श्री आदर्श रामलीला कमेटी की ओर से आयोजित रामलीला का शुभारंभ आठ अक्टूबर को होगा। पूर्व सीपीएस राव दान सिंह लगातार 35वीं बार रामलीला के शुभारंभ समारोह में मुख्य रूप से मौजूद रहेंगे। कमेटी के प्रधान एडवोकेट सुरेंद्र बंटी और सचिव मनोहर लाल यादव ने बताया कि राव दान सिंह का रामलीला आयोजन से पिछले 35 वर्षों से जुड़ाव है। वे हर वर्ष रामलीला के शुभारंभ अवसर पर उपस्थित रहते हैं। शुभारंभ के बाद रामलीला का मंचन रात 8:30 बजे से शुरू होगा। शारदीय नवरात्रि के अवसर पर होने वाले मंचन को लेकर कमेटी ने तैयारियां तेज कर दी हैं। रंगमंच को अंतिम रूप देने के साथ कलाकारों की प्रस्तुतियों की तैयारियां भी चल रही हैं। कमेटी इस बार रामलीला के मंचन में आधुनिक तकनीक का भी इस्तेमाल करेगी। डिजिटल बैकड्रॉप, 3डी साउंड और एलईडी लाइटिंग के माध्यम से रामायण के विभिन्न प्रसंगों को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया जाएगा।

गरीब परिवार का बच्चा भी मेहनत और लगन से बन सकता है आईएएस: एसडीएम



महेंद्रगढ़। राजकीय महाविद्यालय में यूपीएससी की तैयारी करने वाले विद्यार्थियों को बेहतर मार्गदर्शन एवं अवसर उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से जिज्ञासा सिविल सर्विसेज मेंटरशिप एंट्रेंस टेस्ट हुआ। परीक्षा में 116 विद्यार्थियों ने पंजीकरण करवाकर भाग लिया। यह परीक्षा एसडीएम योगेश सैनी के मार्गदर्शन में आयोजित की गई। एसडीएम योगेश सैनी ने कहा कि प्रतिभा किसी आर्थिक स्थिति की मोहताज नहीं होती। गरीब परिवार का बच्चा भी मेहनत, लगन और उचित मार्गदर्शन के बल पर यूपीएससी जैसी प्रतिष्ठित परीक्षा को क्वालीफाई कर सकता है। उन्होंने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि उन्होंने स्वयं यूपीएससी की परीक्षा उत्तीर्ण की है और इसी अनुभव के आधार पर वे चाहते हैं कि क्षेत्र के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को भी सिविल सर्विसेज की तैयारी के लिए उचित मार्गदर्शन और मंच उपलब्ध हो। महाविद्यालय प्राचार्य प्रो. विजय यादव ने बताया कि परीक्षा का आयोजन महाविद्यालय के स्टूडेंट लेड करियर डेवलपमेंट सेल एवं प्लेसमेंट सेल के तत्वावधान में किया गया। उन्होंने कहा कि महाविद्यालय विद्यार्थियों को केवल अकादमिक शिक्षा तक सीमित न रखते हुए उनके करियर निर्माण के लिए भी निरंतर प्रयासरत है। स्टूडेंट लेड करियर डेवलपमेंट सेल के समन्वयक एवं परीक्षा के ओवरऑल इंचार्ज प्रो. विक्रम सिंह ने बताया कि विद्यार्थियों ने परीक्षा में उत्साहपूर्वक भाग लिया।

योजनाओं के लिए डेटा का सटीक होना जरूरी: सिंह

नारनौल। सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय, भारत सरकार के राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय, क्षेत्र संकार्य प्रभाग की ओर से अक्टूबर के दौरान देशभर में विभिन्न सामाजिक-आर्थिक सर्वेक्षणों का क्षेत्रीय कार्य आयोजित किया जा रहा है। वरिष्ठ सांख्यिकीय अधिकारी राममेहर सिंह ने बताया कि इन सर्वेक्षणों में मुख्य रूप से आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण, वार्षिक असंगठित क्षेत्र उद्यम सर्वेक्षण, राष्ट्रीय घरेलू आय सर्वेक्षण, उपभोक्ता मूल्य सूचकांक, अखिल भारतीय ऋण एवं निवेश सर्वेक्षण, स्थिति मूल्यांकन सर्वेक्षण, प्रवासन संबंधी विवरण सर्वेक्षण और सेवा क्षेत्र के प्रतिष्ठानों का वार्षिक सर्वेक्षण शामिल हैं। इन सर्वेक्षणों के जरिए रोजगार-बेरोजगारी, घरेलू आय, परिवारों की आर्थिक स्थिति, ऋण, निवेश, प्रवासन, असंगठित व सेवा क्षेत्र की गतिविधियों और वस्तुओं एवं सेवाओं के मूल्यों से संबंधित महत्वपूर्ण आंकड़े एकत्रित किए जा रहे हैं।



पीडब्ल्यूडी कर्मियों की लंबित वेतन पर बैठक

महेंद्रगढ़। ऑल हरियाणा पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल यूनियन संबद्ध हरियाणा कर्मचारी महासंघ के पदाधिकारियों की एक बैठक जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंडल स्थित यूनियन कार्यालय में हुई। बैठक की जानकारी देते हुए ब्रांच प्रधान सुरेंद्र फौजी ने बताया कि 10 अगस्त को प्रांतीय प्रधान नरेंद्र धीमान की उपस्थिति में कार्यकारी अभियंता अमित जैन के साथ एक बैठक हुई थी। इसमें अधिकारियों ने कर्मचारियों की मांगें 20 दिनों में पूरी करने का आश्वासन दिया था। हालांकि, एक महीना बीत जाने के बाद भी मांगों का समाधान नहीं हुआ और न ही बैठक की कार्रवाई रिपोर्ट दी गई। 28 सितंबर को अधीक्षण अभियंता सूरज प्रकाश जोशी के साथ हुई बैठक में भी उन्होंने कार्यकारी अभियंता को एक सप्ताह के भीतर समस्याएं सुलझाने के निर्देश दिए थे। इसके बावजूद स्थिति जस की तस बनी हुई है। सरकार द्वारा बजट जारी किए जाने के बाद भी एचकेआइएन कर्मचारियों को पिछले दो महीनों का वेतन नहीं मिला है। टर्म अपॉइंटमेंट पर कार्यरत कर्मचारियों के वेतन से नवंबर 2025 से पीएफ और ईएसआई कट रहा है, लेकिन खातों में जमा नहीं हो रहा, जिससे वे इलाज से वंचित हैं।

शिविर में 195 लोगों की हुई टीबी स्क्रीनिंग

महेंद्रगढ़। सैनीपुरा में भाजपा नगर पार्षद देवेंद्र सैनी उर्फ सोनू के कार्यालय पर स्वास्थ्य विभाग के निक्षय शिविर लगाया गया। इस दौरान जिला टीबी अस्पताल नारनौल की टीम द्वारा मरीजों की जांच की गई। शिविर में सुबह 9:15 बजे से दोपहर दो बजे तक लोगों की टीबी संबंधी जांच एवं चेस्ट एक्स-रे किए गए। शिविर के दौरान कुल 195 लोगों की टीबी स्क्रीनिंग की गई, जिनमें से 117 लोगों के चेस्ट एक्स-रे किए गए तथा 20 लोगों के बलगम के सैंपल जांच के लिए लिए गए। शिविर में महिलाओं ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया। जनरल अस्पताल महेंद्रगढ़ से डॉ. अंकित यादव, डीपीसी एसीएफ अजय सिंह, एमपीएचडब्ल्यू राजपाल, टीबीएचवी पंकज शर्मा, रेडियोग्राफर रजत चौहान, कम्युनिटी मोबिलाइजर जयप्रकाश, सुमन एवं सीनू आशा वर्कर, कृष्णा शर्मा आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायक एनजीओ कर्ण सिंह रहे।

PUBLIC NOTICE

I, Santosh M/o No 15711090L Rank LNK, Vikram Singh R/o Vill. Nizampur, PO Chillro, Teh. Narnaul, Distt. Mahendragarh (HR)-123001. I have changed my name from Santosh Devi to Santosh for all purposes, vide affidavit no 19486, dt 05.10.2026 sworn before Narnaul.

कार्यालय मुख्य अध्यापक, रा.प्रा.पा. बलायचा (15350) महेन्द्रगढ़

नीलामी सूचना

राजकीय प्राथमिक पाठशाला बलायचा, जिला महेन्द्रगढ़ के स्कूल प्रांगण में 12.10.2026 को प्रातः 10:15 बजे जर्जर भवन को हटाने और उसके सामान की खुली बोली लगाई जाएगी। नियम व शर्तें मौके पर बताई जाएंगी। स्कूल की प्रबंधन समिति का निर्णय अन्तिम होगा।

हस्ता/- अध्यक्ष / सचिव
स्कूल प्रबंधन समिति, रा.प्रा.पा. बलायचा, (15350), महेन्द्रगढ़

दुलोठ जाट में श्रीमद्भागवत कथा का समापन, फूलों की होली में झूमे श्रद्धालु

निस्वार्थ भक्ति से ही भगवान की प्राप्ति संभव: बजरंग

- भगवान भक्त के भाव को देखते है, बिना भाव वस्तु को नहीं करते स्वीकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल



नारनौल। कथा आयोजकों के साथ वाचक बजरंग शास्त्री। फोटो : हरिभूमि

गांव दुलोठ जाट में आयोजित संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा के समापन दिवस पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। कथा के शुभारंभ से पूर्व आचार्य मनीष शास्त्री ने मुख्य यजमान परिवार से विधि-विधानपूर्वक देवी-देवताओं का पूजन करवाया तथा भागवत कथा का शुभारंभ किया। इसके बाद भागवताचार्य आचार्य बजरंग शास्त्री ने श्रद्धालुओं को भगवान की भक्ति का महत्व बताते हुए कहा कि भगवान भक्त के भाव को देखते हैं। बिना भाव के भगवान किसी वस्तु को स्वीकार नहीं करते। उन्होंने कहा कि भगवान भाव के भूखे हैं और सच्चे भाव से की गई भक्ति ही मनुष्य को संसार रूपी भवसागर से पार लगाती है। आचार्य ने गोपी-उद्धव संवाद का मार्मिक वर्णन करते हुए कहा कि गोपियों का प्रेम सांसारिक प्रेम नहीं था, बल्कि यह भक्त और भगवान के बीच का शुद्ध एवं निष्काम प्रेम था। मनुष्य को भी भगवान की निस्वार्थ भक्ति करनी चाहिए। भक्ति के बदले किसी सांसारिक वस्तु की कामना नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि जो भक्त निष्कपट और निःस्वार्थ भाव से भगवान की भक्ति करता है, भगवान स्वयं उस पर न्यौछावर हो जाते हैं। उन्होंने कहा कि भगवान को निर्मल मन पसंद है, छल-कपट और अहंकार नहीं। कथा के दौरान कृष्ण भगवान के 16,108 विवाह का भी प्रसंग सुनाया गया। इसके पश्चात कृष्ण-सुदामा चरित्र का अत्यंत भावुक वर्णन किया गया।

दत्तात्रेय के 24 गुरुओं के प्रभाव का वर्णन

कथा के अंतिम चरण में दत्तात्रेय के 24 गुरुओं तथा कलियुग के प्रभाव का वर्णन किया गया। आचार्य ने कहा कि कलियुग में अत्याचार बढ़ेगा, संतों और ब्राह्मणों का अपमान होगा तथा माता-पिता के प्रति भी लोगों का सम्मान कम होगा। ऐसे समय में पापों से बचने और जीवन को सद्मार्ग पर रखने का सबसे सरल उपाय हरिनाम संकीर्तन है। इसलिए मनुष्य को सदैव भगवान के नाम का स्मरण करते रहना चाहिए। कथा के समापन पर भागवत जी एवं शुकदेव जी की विदाई की गई। इसके बाद वृंदावन की प्रसिद्ध फूलों की होली का आयोजन हुआ। सुंदर झांकियों के बीच श्रद्धालुओं ने फूलों की होली खेली और भजनों पर जमकर नृत्य कर आनंद लिया। इस मौके पर किन्जा परिवार सहित बड़ी संख्या में महिलाएं, पुरुष, माताएं-बहनें तथा गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

तीन माह में व्यवस्था शुरू होने का दावा, लोगों को मिलेगा फायदा, यातायात होगी नियंत्रित

25 लाख रुपये की लागत से तुलाराम और महाराणा प्रताप चौक पर लगेंगी ट्रैफिक लाइटें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

शहर में बढ़ते यातायात दबाव और आए दिन होने वाले हादसों को देखते हुए नगर पालिका ने दो प्रमुख चौकों पर ट्रैफिक लाइट लगाने की तैयारी शुरू कर दी है। करीब 25 लाख रुपये की लागत से शहर के राव तुलाराम चौक और महाराणा प्रताप चौक पर ट्रैफिक लाइट लगाई जाएंगी। नगर पालिका प्रधान का दावा है कि आगामी तीन महीने के भीतर दोनों चौकों पर ट्रैफिक लाइट की व्यवस्था शुरू कर दी जाएगी। इससे यातायात को नियंत्रित करने के साथ-साथ वाहन चालकों और राहगीरों को भी



महेंद्रगढ़। राव तुलाराम चौक पर खराब पड़ी लाइट। फोटो : हरिभूमि

राहत मिलने की उम्मीद है। शहर में लगातार बढ़ रहे वाहनों के दबाव के कारण प्रमुख चौकों पर यातायात व्यवस्था चुनौती बनती जा रही है।

दोनों चौक शहर के महत्वपूर्ण मार्गों को आपस में जोड़ते हैं

सुबह और शाम के व्यस्त समय में राव तुलाराम चौक और महाराणा प्रताप चौक पर वाहनों की लंबी कतारें लग जाती हैं। दोनों चौक शहर के महत्वपूर्ण मार्गों को आपस में जोड़ते हैं, जिसके चलते यहां दिनभर वाहनों की आवाजाही बनी रहती है। यातायात का दबाव अधिक होने के कारण वाहन चालक कई बार जल्द निकलने के प्रयास में यातायात नियमों की अनदेखी करते हैं। ऐसे में जाम के साथ दुर्घटना की आशंका भी बनी रहती है। स्थानीय लोगों के अनुसार दोनों चौकों पर लंबे समय से ट्रैफिक लाइट लगाने की जरूरत महसूस की जा रही थी। चौक पर यातायात को नियंत्रित करने के लिए कई बार ट्रैफिक पुलिसकर्मियों को तैनात करना पड़ता है। पुलिसकर्मी हाथ के इशारों से वाहनों को रोककर और आगे बढ़ाकर यातायात सुचारु करने का प्रयास करते हैं। इसके बावजूद पीक आवर में स्थिति संभालना मुश्किल हो जाता है। अब नगर पालिका की ओर से ट्रैफिक लाइट लगाने की योजना से लोगों को उम्मीद है कि यातायात व्यवस्था पहले के मुकाबले बेहतर होगी।

निजी स्कूलों की छुट्टी के समय होती परेशानी

शहर में निजी स्कूलों की छुट्टी के समय यातायात की समस्या और गंभीर हो जाती है। स्कूल बसों और अन्य वाहनों के एक साथ सड़कों पर आने के कारण चौकों के आसपास जाम की स्थिति बन जाती है। कई बार बसें और अभिभावकों के वाहन सड़क किनारे खड़े हो जाते हैं, जिससे सड़क की चौड़ाई कम पड़ जाती है। इसके चलते दूसरे मार्गों से आने वाले वाहनों की रफ्तार भी प्रभावित होती है। स्कूलों की छुट्टी के समय ट्रैफिक पुलिस को विशेष रूप से मशक्कत करनी पड़ती है। पुलिसकर्मी चौक पर तैनात होकर वाहनों को व्यवस्थित करने और जाम खुलवाने में जुटे रहते हैं। कई बार यातायात का दबाव इतना बढ़ जाता है कि आसपास की सड़कों तक वाहनों की कतार पहुंच जाती है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि ट्रैफिक लाइट शुरू होने के बाद वाहनों की आवाजाही को निर्धारित संकेतों के अनुसार नियंत्रित किया जा सकेगा, जिससे जाम की समस्या में कमी आने की संभावना है।

हादसों पर भी लगेगा अंकुश

राव तुलाराम चौक और महाराणा प्रताप चौक पर वाहनों का दबाव अधिक रहने के कारण यहां आए दिन छोटे-बड़े हादसे होने की शिकायतें सामने आती रहती हैं। विशेषकर व्यस्त समय में एक साथ कई दिशाओं से वाहनों के आने के कारण वाहन चालकों में असमंजस की स्थिति बनती है। ट्रैफिक लाइट के माध्यम से अलग-अलग दिशाओं से आने वाले वाहनों को निर्धारित समय पर रास्ता मिलेगा। इससे चौक पर अव्यवस्थित तरीके से वाहनों के आवागमन पर रोक लगने और हादसों में कमी आने की उम्मीद है।

आवश्यक तकनीकी व्यवस्था भी की जाएगी

नगर पालिका की ओर से दोनों स्थानों पर ट्रैफिक लाइट लगाने के लिए करीब 25 लाख रुपये खर्च किए जाएंगे। इसके तहत ट्रैफिक सिग्नल सिस्टम स्थापित करने के साथ आवश्यक तकनीकी व्यवस्था भी की जाएगी। नगर पालिका प्रधान ने बताया कि योजना को जल्द पूरा करने का प्रयास किया जा रहा है। उनका दावा है कि तीन महीने के अंदर दोनों प्रमुख चौकों पर ट्रैफिक लाइट चालू कर दी जाएंगी।

यातायात व्यवस्था को मिलेगी मजबूती

नपा की पहल को शहर की यातायात व्यवस्था में सुधार की दिशा में अहम कदम माना जा रहा है। ट्रैफिक लाइट शुरू होने के बाद पुलिसकर्मियों पर चौक पर यातायात नियंत्रित करने का दबाव कम हो सकता है। हालांकि, ट्रैफिक लाइट के साथ वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन करना भी जरूरी होगा। शहरवासियों का कहना है कि ट्रैफिक लाइट लगाने से ही समस्या पूरी तरह खत्म नहीं होगी। स्कूल बसों के लिए निर्धारित स्थान, अवैध पार्किंग पर कार्रवाई और पीक आवर में प्रभावी यातायात प्रबंधन भी जरूरी है। यदि इन व्यवस्थाओं के साथ ट्रैफिक लाइट सुचारु रूप से संचालित होती हैं तो दोनों चौकों पर लगने वाले जाम और दुर्घटनाओं की समस्या में काफी हद तक राहत मिल सकती है।

खबर संक्षेप

सुनीता लोहचब ने किया कई संस्थानों का दौरा

नारनौल। हरियाणा राज्य महिला आयोग की सदस्य सुनीता लोहचब ने मंगलवार को शहर का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने राजकीय महिला कॉलेज, राजकीय पीजी कॉलेज तथा महिला थाना का दौरा किया। दौरे के दौरान लोहचब ने राजकीय महिला कॉलेज और राजकीय पीजी कॉलेज में उपलब्ध व्यवस्थाओं की जानकारी ली और संबंधित अधिकारियों से बातचीत की। उन्होंने दोनों कॉलेजों में छात्राओं की सुरक्षा और सुविधाओं से जुड़े पहलुओं पर चर्चा की।

पीजी कॉलेज में जिला स्तरीय कार्यक्रम आज

नारनौल। मोदी के जनसेवक के रूप में 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में हरियाणा के मुख्यमंत्री के दिशा-निर्देशन में प्रदेशभर में सेवा ज्योति यात्रा पूरे उत्साह के साथ मनाई जा रही है। इसी कड़ी में बुधवार को नारनौल में भी सुबह नौ बजे से भव्य आयोजन होगा। स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव जिला स्तरीय कार्यक्रम में मुख्य अतिथि होंगी।

राजकीय महाविद्यालय बच्चों को किया जागरूक

महेंद्रगढ़। राजकीय महाविद्यालय में सेवा संकल्प अभियान सेवा मेरा योगदान के अंतर्गत महिला अध्ययन एवं विकास प्रकोष्ठ के तत्वावधान में महिला सशक्तिकरण विषय पर कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय प्राचार्य प्रोफेसर विजय यादव एवं महिला प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ. पविता यादव ने किया। प्राचार्य प्रो. विजय यादव ने कहा कि समाज के समग्र विकास के लिए महिलाओं को समान अवसर, शिक्षा और आत्मनिर्भरता प्रदान करना आवश्यक है।

स्टेज कैरिज परमिट के लिए आवेदन तिथि बढ़ी

नारनौल। जिला परिवहन अधिकारी एवं सचिव प्रादेशिक परिवहन प्राधिकरण मनोज कुमार ने बताया कि परिवहन आयुक्त के आदेश अनुसार मोडीफाईड स्टेज कैरिज स्कीम, जो सात मार्च 2024 को अधिसूचित की गई थी, के तहत नारनौल जिले में स्टेज कैरिज परमिट के लिए आवेदन की तिथि बढ़ाकर अब छह नवंबर कर दी गई है पहले इसकी अंतिम तिथि 30 सितंबर थी। जिला परिवहन अधिकारी एवं सचिव, प्रादेशिक परिवहन प्राधिकरण मनोज कुमार ने इस बारे में जानकारी दी।

नांगल चौधरी अनाज मंडी में दिनभर इंतजार करते रहे किसान

सरकार के दावों को दिखाया ठेंगा, मंडी में बारदाना तक नहीं

एसडीएम की रिपोर्ट पर मंडी में एजेंसी के दो कर्मचारी आए, लेकिन ढेरियों का अवलोकन नहीं किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नांगल चौधरी

सरकार ने समर्थन मूल्य पर बाजरे का एक-एक दाना खरीदने का दावा किया था, लेकिन नांगल चौधरी अनाज मंडी में सरकारी खरीद व्यवस्था की पोल खुलती नजर आई। सरकार के निर्देश पर एक अक्टूबर से खरीद शुरू होनी थी, इसके लिए खरीद एजेंसी को मंडी भी अलॉट की गई, लेकिन एजेंसी ने बारदाना तक उपलब्ध कराया। ना ही बाजरे की ढेरियों का अवलोकन कर खरीद प्रक्रिया शुरू की। इससे मंडी में बाजरा लेकर पहुंचे किसानों में हताशा व आक्रोश बना हुआ है।

आपको बता दें कि सरकार ने मेरी फसल-मेरा ब्यौरा पोर्टल पर विभिन्न फसलों का पंजीकरण कराया था। किसानों ने कड़ी मशक्कत कर फसल का पंजीकरण कराया, ताकि उन्हें सरकार द्वारा घोषित 2900 रुपये प्रति क्विंटल का लाभ मिल सके। इसमें करीब 2300 रुपये खरीद एजेंसी के माध्यम से तथा 600 रुपये भावांतर योजना के तहत मिलने हैं। सरकार के निर्धारित शेड्यूल के अनुसार एक अक्टूबर को करीब 15-20 किसान बाजरा लेकर मंडी पहुंचे थे, लेकिन फसल वैरिफिकेशन नहीं होने के कारण उनके टोकन अटक गए। सोमवार से टोकन रिलीज होने शुरू हुए, तो किसानों को उम्मीद जगी कि अब सरकारी खरीद होगी, लेकिन एजेंसी ने खरीद शुरू करने की बजाय आनाकानी शुरू कर दी। मंगलवार की सुबह एजेंसी के दो कर्मचारी मंडी में पहुंचे, उन्होंने किसानों की ढेरियों का अवलोकन करने अथवा खरीद प्रक्रिया शुरू करने में कोई रुचि नहीं दिखाई। किसानों को मंडी में फसल लेकर परेशान होता देख आढ़तियों ने प्राइवेट खरीद शुरू करने का निर्णय लिया। उन्होंने मार्केट कमेटी के सचिव आदित्य यादव की उपस्थिति में 2250 से 2280 रुपये प्रति क्विंटल के भाव खरीद की। आढ़तियों के इस कदम से किसानों को कुछ राहत मिली और वे अपनी फसल बेचकर वापस लौट सके। मंडी में आए अशोक कुमार, रामचंद्र, बिहारीलाल ने बताया कि खरीद एजेंसी की लचर व्यवस्था के चलते दिनभर परेशानी झेलनी पड़ी है।





नांगल चौधरी। खरीद एजेंसी के पीछे हटने पर प्राइवेट खरीद करते आढ़ती व इलैक्ट्रोनिक झरना।



नारनौल। मंडी में गेट पार करने के लिए फंसे खड़े तीन–तीन वाहन।

इलेक्ट्रोनिक झारने की शर्त थोपी

बाजरे की आवक होने पर आढ़तियों ने खरीद कमेटी से संपर्क करके खरीद करने की गुहार लगाई, लेकिन उन्होंने इलेक्ट्रोनिक झारने का तर्क देकर इंकार कर दिया। शाम तीन बजे आढ़तियों ने आनन-फानन में बिजली चलित झारने का प्रबंध किया। बावजूद खरीद कमेटी ने ढेरियों का अवलोकन नहीं किया। परेशान किसान दिनभर इधर-उधर भटकते रहे हैं। मार्केट कमेटी के सचिव आदित्य यादव ने बताया कि पहले ई-खरीद पोर्टल पर 2300 से कम भाव अपलोड नहीं होते थे। मंगलवार शाम 2100 से 5000 हजार प्रति क्विंटल के भाव तक खरीद करने की अनुमति मिल गई है। आढ़तियों की प्राइवेट खरीद में आठ टोकनों पर 210 क्विंटल बाजरा खरीदा गया है। उन्होंने बताया कि मंडी में इलेक्ट्रोनिक झारने समेत सभी मापदंड व सुविधाएं कंप्लीट हैं।

नई मंडी में बाजरे की आवक बढ़ी, सरकारी खरीद शून्य

नारनौल। नांगल चौधरी रोड पर जल महल के समीप स्थित अनाज मंडी में बाजरे की खरीद शुरू होने के दूसरे दिन मंगलवार को आवक में अचानक तेजी आ गई, लेकिन सरकारी खरीद का आंकड़ा शून्य रहा। सोमवार को जहां मंडी में महज 80 गेट पास कटे थे, वहीं मंगलवार को 242 गेट पास काटे गए और करीब 4 हजार क्विंटल बाजरा मंडी में पहुंचा। किसानों की संख्या बढ़ने के बावजूद हैफेड ने एक भी किसान से बाजरा नहीं खरीदा। सोमवार को भी हैफेड ने केवल एक किसान का महज 37 क्विंटल बाजरा खरीदा था। मंगलवार को मंडी पहुंचा बाजरा सरकारी खरीद के निर्धारित मानकों पर खरा नहीं उतर पाया। इसके चलते हैफेड ने खरीद नहीं की। हैफेड मैनेजर डॉ. योगेश शेखावत ने बताया कि बाजरा सरकारी मानकों के अनुसार साफ-सुथरा नहीं था, इसलिए खरीद नहीं हो पाई। सरकारी खरीद शुरू होने की सूचना सोमवार को किसानों तक पहुंचने के बाद मंगलवार को मंडी में आवक बढ़ गई। किसान पिकअप, ट्रैक्टर और अन्य वाहनों से बाजरा लेकर पहुंचे। किसानों को उम्मीद थी कि सरकारी खरीद शुरू होने से उन्हें बेहतर भाव मिलेगा, लेकिन सरकारी खरीद नहीं होने से उन्हें निजी व्यापारियों के भरोसे ही रहना पड़ा। हैफेड ने बाजरा 2300 रुपये प्रति क्विंटल की दर से खरीदा था, जबकि निजी व्यापारियों ने 2240 से 2266 रुपये प्रति क्विंटल तक खरीद की थी। पहले दिन व्यापारियों ने करीब 3893.50 क्विंटल बाजरा खरीदा था। मंगलवार को करीब 4 हजार क्विंटल आवक के बीच निजी व्यापारियों ने बाजरा लगभग 2240 से 2265 रुपये प्रति क्विंटल की दर से लगभग 5234.50 क्विंटल बाजरा खरीदा।

मंडी अटेली में बाजरा खरीद शुरू नहीं होने पर किसान संगठन का धरना, ज्ञापन सौंपा



मंडी अटेली। ऑल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन की ओर से मंगलवार को अनाज मंडी के सामने बाजरा की सरकारी खरीद तत्काल शुरू कराने की मांग को लेकर धरना-प्रदर्शन किया गया। इसके बाद मुख्यमंत्री और कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री के नाम एसडीएम तथा सचिव मार्केट कमेटी अटेली को ज्ञापन सौंपा गया। धरने को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि बाजरा क्षेत्र की प्रमुख खरीफ फसल है। सरकार की ओर से एक अक्टूबर से बाजरा खरीद शुरू करने की घोषणा की गई थी लेकिन अटेली मंडी सहित जिले की किसी भी अनाज मंडी में किसानों की बाजरा फसल की सरकारी खरीद शुरू नहीं हुई है। इससे किसान अपनी फसल औने-पौने दामों पर बेचने को मजबूर हैं और उन्हें आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। वक्ताओं ने कहा कि पोर्टल और पंजीकरण की प्रक्रिया के साथ खरीद के लिए लगाई गई अनावश्यक एवं कड़ी शर्तें किसानों के लिए परेशानी का कारण बनी हुई हैं। संगठन ने इन शर्तों को हटाकर किसानों को पोर्टल प्रक्रिया से निजात दिलाने की मांग की है।

एसडीएम ने सतनाली अनाज का दौरा कर खरीद प्रक्रिया का लिया जायजा

सतनाली मंडी। एसडीएम योगेश सैनी ने मंगलवार को सतनाली अनाज मंडी का दौरा कर बाजरे की खरीद प्रक्रिया का निरीक्षण किया। एसडीएम ने कहा कि प्रदेश सरकार के निर्देशानुसार किसानों की उपज निर्धारित मानकों के अनुरूप खरीदी जाए और उनकी सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा जाए। एसडीएम योगेश सैनी ने खरीद एजेंसियों को निर्देश दिए कि किसानों को उपज का समय पर भुगतान किया जाए, ताकि उन्हें आर्थिक परेशानियों का सामना न करना पड़े। लिफ्टिंग कार्य में तेजी लाई जाए, ताकि मंडियों में जगह की कमी न हो और नई फसल की आवक बाधित न हो। खरीद एजेंसियों द्वारा स्टोरेज व्यवस्था को बेहतर ढंग से प्रबंधित किया जाए, जिससे खरीदी गई उपज का सुरक्षित भंडारण किया जा सके। किसानों की सुविधा के लिए अनाज मंडियों में जरूरी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं। एसडीएम ने किसानों से अपील की कि वे अपने अनाज को तय मानकों के अनुसार सुखाकर ही मंडियों में लेकर आएं।



नारनौल। विद्यार्थियों को नशे के प्रति जागरूक करते हुए। फोटो : हरिभूमि

विद्या देवी स्कूल अटेली में अभियान

नारनौल। युवाओं को नशे से दूर रखने और समाज में नशामुक्ति के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से विद्या देवी इंटरनेशनल स्कूल अटेली मंडी में नशा मुक्त युवा–विकसित भारत संकल्प अभियान के अंतर्गत नशा समाज जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक करते हुए उससे दूर रहने, स्वस्थ जीवनशैली अपनाने तथा समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को समझने के लिए प्रेरित किया गया। विद्यार्थियों ने एक समाज–एक संकल्प, नशा मुक्त भारत के संदेश के साथ नशामुक्त समाज के निर्माण का संकल्प लिया। विद्यालय प्रबंधन विक्रांत यादव ने कहा कि युवा देश का भविष्य हैं और उन्हें नशे जैसी बुराइयों से बचाकर शिक्षा, खेल एवं सकारात्मक गतिविधियों की ओर प्रेरित करना हम सभी की जिम्मेदारी है। इस कार्यक्रम में मास्टर रामसिंह, सरपंच प्रोफेसर सतवीर, भूपेंद्र नंबरदार, सुनीता, डॉ. विकास उपस्थित रहे। कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों व समाज को संदेश दिया गया कि सामूहिक प्रयासों से ही एक स्वस्थ, जागरूक एवं नशामुक्त समाज का निर्माण संभव है।

आईजीयू परिणाम में संत जयराम दास कॉलेज की छात्राओं का रहा दबदबा

- कॉलेज की तीन होनहार छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

इंदिरा गांधी यूनिवर्सिटी मीरपुर द्वारा हाल ही में घोषित एमएड द्वितीय सेमेस्टर के परीक्षा परिणाम में संत जयराम दास कॉलेज ऑफ एजुकेशन पाली के विद्यार्थियों ने अपनी मेघा का परचम लहराया है। विश्वविद्यालय स्तर पर घोषित परीक्षा परिणाम में कॉलेज की तीन होनहार छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन कर प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पर कब्जा जमाया। विश्वविद्यालय की मेरिट सूची के अनुसार संत जयराम



शालिनी यादव।



पिंकी यादव।

दास कॉलेज की तीन छात्राओं ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए टॉप-3 में जगह बनाई है, जिनमें योगिता यादव ने प्रथम स्थान, शालिनी यादव ने द्वितीय व पिंकी यादव ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। चेयरमैन डॉ. मनीष यादव ने कहा ने यह शानदार परीक्षा परिणाम हमारी छात्राओं की कड़ी मेहनत, लगन और हमारे प्राध्यापकों के कुशल मार्गदर्शन का नतीजा है। हमारा संस्थान हमेशा से विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध रहा हैं। वाइस चेयरमैन रतन सिंह ने कहा कि ग्रामीण और अर्ध-शहरी अंचल से आने वाली ये बेटियां शिक्षा के क्षेत्र में जिस तरह से नए मुकाम हासिल कर रही हैं। प्राचार्य डॉ. सतपाल सिंह ने कहा ने योगिता, शालिनी और पिंकी ने कॉलेज के इतिहास में एक सुनहरा पन्ना जोड़ा है। कॉलेज प्रशासन भविष्य में भी विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और हर संभव शैक्षणिक सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रयासरत रहेगा।

रेड रिबन क्विज प्रतियोगिता में दिखाई प्रतिभा

नारनौल। हरियाणा राज्य एड्स नियंत्रण सोसाइटी एवं विद्यालय शिक्षा निदेशालय पंचकूला के संयुक्त तत्वाधान में किशोर शिक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत जिला स्तरीय रेड रिबन क्विज प्रतियोगिता का आयोजन बाछौद के निजी स्कूल में किया गया। जिसका शुभारंभ जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. विश्वेश्वर कौशिक ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। प्रतियोगिता में जिले के 25 सरकारी व प्राइवेट स्कूलों की टीमों ने भाग लिया। प्रत्येक टीम में कक्षा आठवीं, नौवीं और 11वीं के दो विद्यार्थी शामिल थे। सभी विजेताओं एवं प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली टीम अपने गाइड टीचर के साथ सात अक्टूबर को पीकेआर जैन सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल, अंबाला सिटी में होने वाली राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में महेंद्रगढ़ जिले का प्रतिनिधित्व करेगी। मौके पर बीआर पब्लिक स्कूल के प्राचार्य रविंद्र कुमार, क्विज मास्टर विजय सिंह सैनी, शशिकला, विक्रम सिंह उपस्थित रहे। **परिणाम:** आरपीएस नारनौल को प्रथम पुरस्कार 3000 रुपये और बीआर स्कूल बाछोद को द्वितीय पुरस्कार 2000 रुपये और यदुवंशी शिक्षा निकेतन नारनौल को तृतीय पुरस्कार 1000 रुपये दिया गया।



नारनौल। विजेताओं को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

कैमला में आयोजित कैम्प में 97 लोगों की जांच

कनीना। राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत स्वास्थ्य विभाग नारनौल की मोबाइल टीम की ओर से मंगलवार को ग्राम कैमला के आंगनवाड़ी केंद्र में टीबी स्क्रीनिंग कैम्प का आयोजन किया गया। जिसमें 97 ग्रामीणों की स्क्रीनिंग की गई। लक्षणों के आधार पर 30 मरीजों के एक्स-रे किए गए तथा पांच मरीजों के बलगम के सैंपल जांच हेतु लैब में भेजे गए। स्वास्थ्य विभाग की टीम में फार्मासिस्ट नीरज, रेडियोग्राफर सोहेल खान, नर्सिंग ऑफिसर फूलचंद, लैब तकनीशियन मनोज कुमार व चालक भीमसिंह शामिल रहे। कैम्प को सफल बनाने में एसटीएस पवन यादव, टीबीएचवी युधवीर, स्वास्थ्यकर्मी विक्रम, सरपंच डिम्पल व आशा कार्यकर्ता रेखा का विशेष सहयोग रहा।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
महेन्द्रगढ़ :- हरिभूमि कार्यालय, हुड्डा पार्क के सामने, डाक्टर भगत डैंटल अस्पताल वाली गली, नजदीक बस स्टैंड, महेंद्रगढ़।
नारनौल :- सत्य प्लाजा, प्रथम तल, तरूण कलर लैब वाली गली, नजदीक बस स्टैंड, नारनौल
फोन : 8295154800, 8295738500, 9253681005

राजकीय महाविद्यालय छिलरो में डॉ. अभय सिंह यादव ने विद्यार्थियों का किया मार्गदर्शन

संस्कृति व आधुनिक शिक्षा के समन्वय से विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास संभव

रोज किए गए छोटे-छोटे प्रयासों, अभ्यास, अनुशासन और लगन का परिणाम होती है

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल



- असफलताओं और कठिन परिस्थितियों से निराश या हताश न हों

नारनौल। डॉ. अभय सिंह यादव।

राजकीय महाविद्यालय छिलरो में डॉ. अभय सिंह यादव ने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करते हुए उन्हें शिक्षा, व्यक्तित्व विकास और जीवन में अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए निरंतर प्रयास करने की प्रेरणा दी। उन्होंने अपने संबोधन में भारतीय संस्कृति की समृद्ध परंपराओं को आधुनिक शिक्षा के साथ जोड़ते हुए कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल डिग्री प्राप्त करना नहीं, बल्कि एक संस्कारी, अनुशासित, आत्मनिर्भर और जागरूक व्यक्तित्व का निर्माण करना भी है। उन्होंने बताया कि गुरुकुल संस्कृति से हमें अनुशासन, गुरु के प्रति सम्मान, संस्कार और नैतिक मूल्यों की सीख मिलती है, जबकि आधुनिक शिक्षा हमें वैज्ञानिक दृष्टिकोण, तकनीकी ज्ञान, नवाचार और तार्किक चिंतन प्रदान करती है। इसलिए विद्यार्थियों को अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जुड़े रहते हुए बदलते समय और नई संभावनाओं के अनुरूप स्वयं को निरंतर विकसित करते रहना चाहिए। इसी संदर्भ में उन्होंने वर्तमान समय में सोशल मीडिया और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के बढ़ते प्रभाव पर चर्चा करते हुए विद्यार्थियों को इनके सकारात्मक और विवेकपूर्ण उपयोग के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि तकनीक का उद्देश्य हमारी सोच और सीखने की क्षमता को बढ़ाना होना चाहिए। सोशल मीडिया और एआई को केवल मनोरंजन का साधन न बनाकर ज्ञान, शोध, रचनात्मकता और अपनी कार्यक्षमता बढ़ाने के माध्यम के रूप में अपनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि समय के साथ परिवर्तन आवश्यक है, लेकिन परिवर्तन के साथ अपने मूल्यों और संस्कारों को बनाए रखना भी उतना ही महत्वपूर्ण है।

समर्पित रहने की भावना को मिला बल

इस अवसर पर प्राचार्य कुलदीप यादव, डॉ. सुरेंद्र कुमार, डॉ. सीमा, डॉ. नीरज यादव, डॉ. दीपक, डॉ. अंकित यादव, डॉ. मनीष त्रिपाठी, डॉ. संजीत यादव सहित महाविद्यालय के अन्य स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे। डॉ. अभय सिंह यादव के प्रेरणादायक मार्गदर्शन से विद्यार्थियों में सकारात्मक सोच, आत्मविश्वास और अपने लक्ष्य के प्रति निरंतर समर्पित रहने की भावना को बल मिला।

सपनों को वास्तविकता में बदला सकता है

विद्यार्थियों को लक्ष्य के प्रति दृढ़ रहने की प्रेरणा देते हुए डॉ. यादव ने डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम की अग्नि की उड़ान का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि सीमित संसाधन किसी व्यक्ति की सफलता की सीमा निर्धारित नहीं करते। दृढ़ इच्छाशक्ति, ज्ञान, मेहनत और निरंतर प्रयास के बल पर व्यक्ति अपने सपनों को वास्तविकता में बदल सकता है। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे असफलताओं और कठिन परिस्थितियों से निराश या हताश न हों, बल्कि उन्हें सीखने और आगे बढ़ने का अवसर मानें। उन्होंने विद्यार्थियों को परिणाम से अधिक प्रक्रिया पर ध्यान देने की सलाह देते हुए कहा कि सफलता किसी एक दिन की उपलब्धि नहीं होती, बल्कि रोज किए गए छोटे-छोटे प्रयासों, अभ्यास, अनुशासन और लगन का परिणाम होती है। यदि विद्यार्थी अपने कार्य के प्रति ईमानदारी और निरंतरता बनाए रखें तो सफलता निश्चित रूप से उनके कदम चूमेगी।